


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 146 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 11 मार्च 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर



### पुलिस मुखबिरी के शक में छात्र की हत्या, होली पर छुट्टी मनाने आया था घर, नक्सलियों ने अपहरण कर मारी गोली

**गढ़चिरौली।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर बसे गांव में होली की छुट्टी मनाने घर पहुंचे छात्र की नक्सलियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार की है जब छात्र गांव में घूमने निकला था। इस दौरान ग्रामीणा वेशभूषा में पहुंचे नक्सलियों ने पहले छात्र का अपहरण किया और जंगल में लेजाकर गोली मार दी। इसके बाद शव को उसके गांव में फेंक कर भाग गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गढ़चिरौली जिले के गांव मर्दूहूर निवासी साईनाथ नरोट (26) गढचिरौली में रहकर पढ़ाई कर रहा था। लगभग पांच दिन पहले होली की छुट्टी मनाने गांव आया था। होली के बाद गुरुवार को वह गांव से बाहर घूमने निकला। इसकी भनक नक्सलियों को लग गई। इसके बाद नक्सली ग्रामीण वेशभूषा में पहुंचे और साईनाथ का अपहरण कर लिया। इसके बाद जंगल में ले गए और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद नक्सलियों ने शव को गांव में ही फेंक दिया। घटना की सूचना गांववालों ने शुक्रवार को पुलिस को दी। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने जंगल में सर्चिंग शुरू की लेकिन नक्सली भाग चुके थे। छात्र की हत्या से इलाके में दहशत का माहौल है।

### एयर एशिया के विमान की बेंगलुरु में इमरजेंसी लैंडिंग, लखनऊ के लिए भरी थी उड़ान

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु से लखनऊ जा रही एयर एशिया की फ्लाइट में मामूली तकनीकी समस्या के कारण उसे वापस बेंगलुरु लैंड कराया गया। उड़ान के 15 मिनट के भीतर ही ये लैंडिंग करा दी गई। पायलट ने बताया कि उसे इंजन में कुछ परेशानी समझ आ रही है तभी फ्लाइट को वापस बेंगलुरु हवाई अड्डे के लिए डायवर्ट कर दिया गया।

बता दें कि तकनीकी खराबी के चलते अकसर विमानों की आपात लैंडिंग करानी होती है। बीते माह एअर इंडिया की



अमेरिका से दिल्ली आ रही फ्लाइट की स्वीडन के स्टॉकहोम में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी। फ्लाइट में 300 यात्री सवार थे। फ्लाइट ने अमेरिका के नेवार्क से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन तकनीकी खराबी आने के बाद उसकी स्वीडन के स्टॉकहोम हवाई अड्डे पर ही इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। लैंडिंग से पहले एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में दमकल गाड़ियों को तैनात किया गया था। ताकि कोई हादसा होने पर उसे नियंत्रित किया जा सके। बता दें कि कभी टेक्निकल समस्या के कारण तो कभी दूसरी वजहों से पिछले कुछ दिनों में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग के मामले काफी तेजी से बढ़े हैं।

## पीएम मोदी से मिले सीएम भूपेश बघेल

# कोल रॉयल्टी, जीएसटी क्षतिपूर्ति के मुद्दे पर की प्रधानमंत्री से चर्चा, जनगणना जल्द कराने की भी रखी मांग

श्रीकंचनपथ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार रात को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की। इस दौरान बघेल ने जनगणना जल्द कराने, जीएसटी क्षतिपूर्ति, कोल रॉयल्टी सहित विभिन्न लंबित मांगों पर प्रधानमंत्री से चर्चा की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राजकीय पशु वनभैंसे का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने सीएम हाउस में आयोजित होली महोत्सव का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने होली पर फाग गाते हुए देखा आपको।

मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से जल्द जनगणना कराए जाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि 2011 के बाद जनगणना नहीं होने से हितग्राहियों के चयन में दिक्कत आ रही है। कई पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने पूर्व में प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था।



मुलाकात में मुख्यमंत्री बघेल ने जीएसटी क्षतिपूर्ति का मुद्दा भी प्रधानमंत्री के सामने रखा। उन्होंने कहा कि उत्पादक राज्य होने की वजह से छत्तीसगढ़ को वाणिज्यिक कर राजस्व में कमी का सामना करना पड़ रहा है। जून 2022 से अब तक जीएसटी क्षतिपूर्ति की 1375 करोड़ की राशि केन्द्र सरकार के पास लंबित है, जिसे शीघ्र प्रदान किया जाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कोल ब्लॉकों से एडिशनल लेवी के रूप में प्राप्त रॉयल्टी की 4170 करोड़ की राशि का भी शीघ्र भुगतान का प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से नवा रायपुर से दुर्ग के लिए शुरू किए जाने वाले लाइट मेट्रो सर्विस के लिए प्रधानमंत्री से सहयोग भी मांगा है। मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि सितंबर माह में जी-20 के चौथे स्थायी वित्त कार्य समूह की बैठक छत्तीसगढ़ में होने वाली है। इसकी तैयारी को लेकर प्रधानमंत्री से चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि बैठक को लेकर प्रधानमंत्री से मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ है। श्री बघेल ने बताया कि मैंने जी-20 के अतिथियों के लिए विश्व स्तर की व्यवस्था के लिए प्रधानमंत्री को आश्वस्त किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछली मुलाक़ात में मिलेट मिशन पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने रायपुर में मिलेट कैफे शुरू किए जाने का सुझाव दिया गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि इस पर अमल करते हुये रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में मिलेट कैफे की शुरुआत की गयी है।

## जमीन के बदले नौकरी का मामला, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी को CBI का समन

**बिहार (एजेंसी)।** जमीन के बदले नौकरी घोटाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के परिवार की मुश्किले बढ़ती ही जा रही है। ताजा मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को इस मामले में पूछताछ के लिए समन जारी किया है। लैंड फॉर जॉब स्कैम में सीबीआई को तेजस्वी यादव के खिलाफ काफी सुबूत मिले हैं और संभवत: इसी आधार पर सीबीआई ने समन जारी किया है।



बता दें लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में ईडी ने दिल्ली, और पटना सहित करीब 15 जगहों पर लालू यादव के करीबियों के यहां छापेमारी की थी। यह छापेमारी तेजस्वी यादव और लालू यादव की बेटियों के घर के अलावा अन्य राजद नेताओं के आवास सहित लालू यादव के समधी के गाजियाबाद स्थित घर पर भी रेड की गई। इस दौरान जांच एजेंसी ने बड़ी मात्रा में नकदी, विदेशी करेंसी और सोना बरामद किया था। अब सीबीआई ने तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए बुलाया है।

### क्या है नौकरी के बदले जमीन घोटाला केस

2004 से 2009 के बीच यूपीए सरकार में लालू यादव के रेल मंत्री रहते हुए नौकरी के बदले कथित जमीन घोटाला हुआ था। सीबीआई का आरोप है कि रेल मंत्री रहते हुए लालू यादव ने पटना के 12 लोगों को ग्रुप डी में नौकरी दी और उनसे अपने परिवार के लोगों के नाम पटना में जमीनें लिखवा लीं। सीबीआई का दावा है कि लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती और हेमा यादव के नाम प्लॉट्स की रजिस्ट्री कराई गई और जमीन की मामूली कीमत नकद में चुकाई गई। रेलवे में जिन पदों पर भर्ती हुई, उसका न तो विज्ञापन निकाला गया और न ही सेंट्रल रेलवे को सूचना दी गई। आवेदन देने के 3 दिन के अंदर नौकरी दे दी गई। जिन्हें नौकरी दी गई उनकी योग्यता भी नहीं थी।

## शॉन मार्श ने लिया सन्यास, चार साल पहले खेला था अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच

**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज शॉन मार्श ने घरेलू क्रिकेट और वनडे से संन्यास ले लिया है। वह 22 साल तक पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते थे। 39 साल के मार्श ने 2011 में 17 साल की उम्र में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिए घरेलू क्रिकेट में पदार्पण किया था। वह इस सत्र में खेलना चाहते थे, लेकिन उन्होंने चोट के कारण संन्यास लेने का फैसला किया। मार्श ने कहा कि यह साल मेरे लिए काफी कठिन रहा है।



शॉन मार्श ने घरेलू क्रिकेट में 183 मैचों में 12,032 रन बनाए और 32 शतक लगाने के अलावा 58 अर्धशतक भी जड़े। उन्होंने 73 वनडे मैचों में 2,773 रन सहित सात शतक व 15 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन किया था। मार्श ने 71 मैचों में 40 की औसत से 2477 रन बनाए थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 132.7 का रहा।

### भारत के खिलाफ कैसा रहा शॉन मार्श का प्रदर्शन?

मार्श ने अपने करियर में 38 टेस्ट मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 34.31 की औसत से 2265 रन बनाए थे। टेस्ट में शॉन मार्श ने छह शतक और 10 अर्धशतक लगाए। भारत के खिलाफउन्होंने सर्वाधिक 15 टेस्ट खेले थे। उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। मार्श ने 15 मैचों की 27 पारियों में 22.40 की औसत से 605 रन बनाए थे। उनके बल्ले से पांच अर्धशतक निकले थे। 99 रन मार्श का उच्चतम स्कोर था।



जान हथेली पर

फोटो जर्नलिस्ट-गौकरण निषाद

**भिलाई।** नेहरु नगर शराब भट्टी के पास आज रेलवे ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से अपनी जान की परवाह किए बिना एक युवक गाड़ी के नीचे से निकल गया। इससे पहले कुछ बच्चे भी इसी तरह जान जोखिम में डालकर गाड़ी के नीचे से निकले। इसके चंद सैकेण्ड बाद मालगाड़ी चल पड़ी। लोग जल्दबाजी के चक्कर में इस तरह खतरनाक हरकते करते दिखते है।

## सीएम बघेल विश्व वानिकी दिवस पर करेंगे 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत प्रदेशभर के हर जिले में एक-एक स्थान पर समारोह के रूप में शुभारंभ के कार्यक्रम का आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री बघेल द्वारा वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' लागू किए जाने की घोषणा उपरांत इसके क्रियान्वयन की



तैयारियां जोरो पर है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने इस तारतम्य में प्रदेश के समस्त कलेक्टर तथा वनमंडलाधिकारियों को पत्र भेजकर जिले में 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' के शुभारंभ कार्यक्रम के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित आम जनता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

गौरतलब है कि 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' के तहत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमिस्वामी, शासकीय अर्द्ध शासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाएं, निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं, पंचायतें तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ जे सकते है। इस योजना के अंतर्गत हितग्राही की निजी भूमि में 5 एकड़ तक रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जाएगा।

राज्य में इस योजना के माध्यम से प्रति वर्ष 36 हजार एकड़ के मान से कुल 5 वर्षों में एक लाख 80 हजार एकड़ में 15 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा चयनित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित किया जाएगा। जिससे कृषकों को निश्चित आय प्राप्त हो सकें। वनक्षेत्र से बाहर लकड़ी के उत्पादन बढने से काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी।

## रिपोर्ट राइटिंग की अहमियत

श्रीकंचनपथ




शकुन्तला और दुष्यंत की कहानी याद है? दोनों ने पूरी ईमानदारी से गंधर्व विवाह किया था। पर इस विवाह का कोई गवाह नहीं था। विवाह के बारे में किसी को बताया भी नहीं गया था। सबूत के तौर पर केवल एक अंगूठी थी जिसे राजा दुष्यंत ने शकुन्तला को दिया था। अंगूठी गुम गई और शकुन्तला को भुला दिया गया। आधुनिक समाज दस्तावेजों पर विश्वास करता है। काम करो या न करो, यदि उसका दस्तावेजीकरण (डाकूमेंटेशन) है तो काम को हुआ मान लिया जाएगा। देश में कई कुएं, सड़कें, तालाब, शौचालय और अब गरीबों के आवास केवल दस्तावेजों के भरोसे ही चल रहे हैं। दस्तावेजीकरण जितना अच्छा होगा, काम को उतने ही अच्छे से संपादित होना माना जाएगा। जिस तरह व्यक्ति या उद्यम की सेहत जानने के लिए बैलेंसशीट, गुणवत्ता के लिए आईएसओ ISO पर भरोसा किया जाता है ठीक उसी तरह अस्पतालों के लिए एनएबीएच NABH, पैथोलॉजी लैब के लिए एनएबीएल NABL और कालेजों के लिए नैक NAAC प्रत्यायन Accreditation को महत्वपूर्ण माना जाता है। प्रत्यायन का दारोमदार दस्तावेजीकरण पर टिका होता है। दो साल पहले रायपुर के स्वनामधन्य साइंस कालेज का नैक में खराब ग्रेड आया था। इस साल भी अनेक ऐसे सरकारी कालेजों को खराब ग्रेड मिले हैं जिनकी अच्छी प्रतिष्ठा और पूछपरख है। दरअसल, इन्होंने काम तो बहुत किया पर दस्तावेजीकरण में चूक गए। इसका कोई अलग से विभाग तो होता नहीं। किसी ने रिपोर्ट बनाई, किसी ने नहीं बनाई। जब नैक की टीम कालेज पहुंची तो उनके पास दिखाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। अखबारों की चंद कतरनें, कुछ आधे-अधूरे रजिस्टर। न तिथि की पुष्टि हो पाती थी और न ही कार्यक्रम में उपस्थिति का कोई अंदाजा लग पाता था। लिहाजा नैक टीम ने उनके कामकाज के लचर तरीके पर नाराजगी जाहिर की और रजिस्टरों पर अविश्वास जताया। इसका असर नैक की ग्रेडिंग पर पड़ा। वैसे भी उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से कह रखा है कि सभी कार्यक्रमों की जियोटैग फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई जाए। सोशल मीडिया ऐप या ग्रुप मीटिंग ऐप पर हुए कार्यक्रम भी मान्य किये जाएंगे। इसका एकमात्र कारण यह है कि इसमें तिथि और समय के साथ स्थान भी स्वयमेव दर्ज हो जाता है। इसमें बैकडेट पर कोई काम नहीं किया जा सकता। फर्जी रिपोर्ट भी नहीं बनाई जा सकती। कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग को भी जरूरी कर दिया गया। दिक्कत यह है कि अधिकांश कालेजों में ऐसे लोगों का अकाल है जो रिपोर्ट राइटिंग कर सकें। किसी की भाषा खराब है तो किसी की राइटिंग। तकनीकी दिक्कतें भी हैं। सबसे बड़ी दिक्कत हिन्दी टाइपिंग की है, अंग्रेजी में हाथ तो पहले ही तंग है। स्क्रीनशॉट से अनजान लोग मोबाइल से कम्प्यूटर स्क्रीन की फोटो खींचते हैं। दुखद यह है कि इसके बावजूद उच्च शिक्षा विभाग रिपोर्ट राइटिंग को कोई स्किल नहीं मानता। वह मिट्टी के दिये, गोबर की मूर्तियां, रंगोली बनाओ, सलाद सजाओ में उलझा हुआ है।



## संपादकीय

# हमले की शिकायत

ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले की घटनाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के सामने उठाया है, तो यह उचित ही नहीं, जरूरी भी था। वार्ता के बाद स्वयं प्रधानमंत्री ने बताया है कि उन्होंने इस बारे में भारत की चिंताओं को उठाया है। स्वाभाविक है, इस तरह की खबरें भारत में सभी के लिए बहुत चिंताजनक और परेशान करने वाली हैं। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज इन दिनों भारत यात्रा पर आए हुए हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए अलग-अलग विषयों पर वार्ता चल रही है। भारत-ऑस्ट्रेलिया शिखर सम्मेलन से दोनों देशों के बीच रिश्तों में काफी सुधार आएगा। मजबूत होते रिश्तों के बीच मंदिर का मसला भी गंभीर है, जिसे स्वयं प्रधानमंत्री ने उठाकर यह जतला दिया है कि भारत इन हमलों को कितनी गंभीरता से ले रहा है। भारत इन हमलों को पहले ही ऑस्ट्रेलिया के सामने उठा चुका है, लेकिन अब वह इस मोर्चे पर पूरी तरह आश्वस्त होना चाहता है। शिकायत जब सीधे उस देश के प्रधानमंत्री से हुई है, तो आने वाले दिनों में ऑस्ट्रेलिया ऐसे मामलों में ज्यादा कड़ाई का परिचय देगा। अभी तो स्वयं भारतीय प्रधानमंत्री के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया है कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा उनके लिए प्राथमिकता है। ऑस्ट्रेलिया में करीब आठ लाख भारतीय या भारतीय मूल के लोग रहते हैं। वहां की आबादी में भारतीयों की संख्या तीन प्रतिशत से ज्यादा हो चुकी है। इसके अलावा बड़ी संख्या में वहां भारतीय छात्र पढ़ने जाते रहे हैं और चूंकि इससे ऑस्ट्रेलिया को व्यापक लाभ होता है, इसलिए वह भारतीयों को प्रोत्साहित करना चाहता है। अभी दोनों देशों के बीच जो शिखर सम्मेलन हुआ, उसमें भी भारतीय छात्रों को ज्यादा सहूलियत देने पर चर्चा हुई है। सबसे बड़ी पहल तो यही है कि अब ऑस्ट्रेलिया में भारतीय डिग्री को भी मान्यता मिल गई है। अब स्थितियां बदली हैं और भारतीयों को ऑस्ट्रेलिया में पहले की तुलना में ज्यादा सुविधाएं हासिल हो रही हैं। ऑस्ट्रेलिया ही नहीं, जहां भी भारतीय या भारतवंशी रह रहे हैं, वहां भारत सरकार को नजर रखनी चाहिए। कहना न होगा, ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमला, वहां का आंतरिक मामला है, पर जब भारत निशाने पर हो, तब सरकार आंखें नहीं मूंद सकती। कुछ भटके हुए सिख मंदिरों को निशाना बनाकर भारत का ध्यान खींचना चाहते हैं, तो मित्र ऑस्ट्रेलिया को भी चिंता होनी चाहिए। भारत एक विविधितापूर्ण लोकतंत्र है, यहां सबको उदारता के साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिली हुई है, अत: जो भी भारत के मित्र देश हैं, उन्हें भारत के जटिल व विविध चरित्र को समझते हुए कदम उठाने चाहिए। बेशक, भारत-ऑस्ट्रेलिया जिस व्यापार ढांचे की ओर बढ़ रहे हैं, उससे दोनों करीबी सहयोगी मित्र बन जाएंगे। रक्षा क्षेत्र से सांस्कृतिक क्षेत्र तक ऑस्ट्रेलिया भारत से लाभ लेना चाहता है, तो भारत को भी अपने लाभ के प्रति पर्याप्त सजग होना चाहिए। व्यापार के साथ-साथ राजनय और सामाजिक संतुलन भी साधते हुए चलना चाहिए। संबंधों का फायदा एकतरफा नहीं होना चाहिए। भारतीयों की संपन्नता और सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए चलना चाहिए। अपने हित सुरक्षित करने के लिए समय-समय पर थोड़ी आक्रामकता भी चाहिए। मंदिर व गुरुद्वारा, दो ऐसे प्रतीक हैं, इन पर दुनिया में कहीं भी चोट पड़ती है, तो अनायास आह भारत की ही निकलती है। इस मोर्चे पर कम से कम हमारे जो मित्र देश हैं, उन्हें भारत सरकार को शिकायत का मौका नहीं देना चाहिए।

> “ भारत एक विविधितापूर्ण लोकतंत्र है, यहां सबको उदारता के साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिली हुई है, अत: जो भी भारत के मित्र देश हैं, उन्हें भारत के जटिल व विविध चरित्र को समझते हुए कदम उठाने चाहिए। बेशक, भारत-ऑस्ट्रेलिया जिस व्यापार ढांचे की ओर बढ़ रहे हैं, उससे दोनों करीबी सहयोगी मित्र बन जाएंगे। रक्षा क्षेत्र से सांस्कृतिक क्षेत्र तक ऑस्ट्रेलिया भारत से लाभ लेना चाहता है, तो भारत को भी अपने लाभ के प्रति पर्याप्त सजग होना चाहिए।

# खड़गे दिखा रहे हैं ऑथोरिटी!

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रबर स्टैम्प नहीं हैं और न रिमोट से चलने वाले अध्यक्ष हैं। वे अपनी जगह समझ रहे हैं और उनको अपने अधिकार का भी पता है। यह भी कहा जा रहा है कि पार्टी आलाकमान यानी सोनिया और राहुल गांधी की ओर से उनको खुली छूट मिली है। उनको अपनी टीम बनाने और अपने हिसाब से काम करने को कहा गया है। रायपुर अधिवेशन के पहले दिन हुई स्टीयरिंग कमी की बैठक में भी सोनिया व राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा का गैरहाजिर रहना भी इस योजना का हिस्सा था। वे नहीं चाहते थे कि नेहरू गांधी परिवार के साये में खड़गे बैठक करें। तभी बैठक के दौरान भी खड़गे ने अपने तेवर दिखाए और बाद में भी पार्टी नेताओं ने उनके तेवर देखे।

बताया जा रहा है कि खड़गे ने पार्टी के दो बड़े नेताओं को सार्वजनिक रूप से फटकार लगाई। इसका मैसेज पार्टी के तमाम नेताओं को रिसीव हो गया है। वे समझ गए हैं कि खड़गे के सामने ज्यादा बोलना नहीं चलेगा और न ज्यादा होशियारी चलेगी। जानकार सूत्रों के मुताबिक रायपुर में बैठक के दौरान खड़गे की तारीफ करते हुए चौधरी ने उनका अनुभव बताया और साथ ही यह भी कहा कि वे दलित समाज से आते हैं। बताया जा रहा है कि खड़गे इस पर भड़क गए और उन्होंने अधीर रंजन को लगभग डांटते हुए कहा कि क्या दलित दलित लगा रखा है। खड़गे खुद भी दलित समाज की अपनी पहचान से ज्यादा वंचित तबके की पहचान का जिक्र करते हैं। सो, कांग्रेस नेताओं के लिए यह एक सबक था।

दूसरा वाकया जयराम रमेश से जुड़ा है। असल में पिछले दिनों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक कार्यक्रम में कहा कि विपक्षी एकता बनाने की जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी की है। उसे तय करना है कि किस तरह से गठबंधन बनेगा। इस पर एक प्रेस कांफ्रेंस में रमेश ने प्रतिक्रिया दी थी और नीतीश पर तंज करते हुए कहा था कि भाजपा पर कांग्रेस का दोहरा रवैया नहीं है, कांग्रेस कभी भाजपा के साथ नहीं रही है। बताया जा रहा है कि इससे खड़गे काफी नाराज हुए थे और उन्होंने रमेश से कहा था कि तुमको चुनाव लड़ना नहीं है और इस तरह की तुम्हारी बयानबाजी से कांग्रेस के बाकी नेता भी चुनाव हार जाएंगे।

ध्यान रहे खड़गे ने सबसे पहले नगालैंड की चुनावी रैली में कहा था कि कांग्रेस विपक्ष पार्टियों से बात कर रही है और चुनाव पूर्व गठबंधन बनेगा। इसके बाद उन्होंने एक मार्च को चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के 70वें जन्मदिन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में यह भी कहा कि कांग्रेस ने कभी नहीं कहा है कि कौन प्रधानमंत्री बनेगा। इस तरह से उन्होंने विपक्ष को संदेश दिया कि कांग्रेस नेतृत्व संभालने या प्रधानमंत्री पद की उम्मीद में विपक्षी गठबंधन की पहल नहीं कर रही है। इस तरह रमेश को उनके बयान के लिए फटकार लगा कर खड़गे ने गठबंधन पर इधर उधर बोलने वाले बाकी नेताओं को भी संदेश दिया।

> “ देशभर में चीनी सामान के जोरदार बहिष्कार और सरकार के द्वारा टिक टॉक सहित विभिन्न चीनी एप पर प्रतिबंध, चीनी सामान के आयात पर नियंत्रण कई चीनी सामान पर शुल्क वृद्धि, सरकारी विभागों में चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय उत्पादों के उपयोग की प्रवृत्ति को लगातार प्रोत्साहन दिए जाने से चीन के सामानों की भारत में मांग में कमी दिखाई दी है।

# चीन से आयात पर अंकुश की पहल

जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के कार्यक्रम में कहा कि जल्द ही चीन से आयात होने वाले घटिया स्तर के 2000 उत्पादों को गुणवत्ता नियंत्रण के दायरे में लाया जाएगा। साथ ही चीन से सस्ता माल मंगाना आसान नहीं होगा। मैन्यूफैक्चरिंग के प्रोत्साहन के लिए बड़े पैमाने पर गुणवत्ता मानक का नियम लागू होगा। नि:संदेह इस समय जब चीन से हर तरह का आयात बढ़ रहा है और चीन से देश का व्यापार असंतुलन चिंताजनक स्तर पर है, तब सरकार का यह फैसला स्वागत योग्य है। इससे चीन से आयात पर अंकुश लगेगा।

गौरतलब है कि इस समय चीन से लगातार बढ़ता व्यापार असंतुलन पूरे देश की एक बड़ी आर्थिक चिंता का कारण बन गया है और इस पर पूरे देश में विभिन्न स्तरों पर विचार मंथन हो रहा है। पिछले माह 23 फरवरी को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एशिया इकोनॉमिक डायलॉग में कहा कि चीन से व्यापारिक असंतुलन की गंभीर चुनौती के लिए सिर्फ सरकार ही जिम्मेदार नहीं है, चीन के साथ व्यापार असंतुलन के लिए सीधे तौर पर देश का उद्योग-कारोबार और देश की कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कलपुर्जे सहित संसाधनों के विभिन्न स्त्रोत और मध्यस्थ विकसित करने में अपनी प्रभावी भूमिका नहीं निभाई है। साथ ही देश की बड़ी कंपनियां शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में भी बहुत पीछे हैं।

विगत 17 फरवरी को वाणिज्य मंत्रालय ने भारत चीन व्यापार के वित्त वर्ष 2022-23 के अप्रैल, 2022 से जनवरी, 2023 तक 10 महीनों के आयात-निर्यात के जो नवीनतम आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक इन 10 महीनों की अवधि में चीन से किए जाने वाले आयात में 9 फीसदी का उछाल आया है। जबकि इस अवधि में चीन को किए जाने वाले निर्यात में 34 फीसदी की भारी कमी आई है। वित्त वर्ष 2022-23 के पहले 10 महीनों में भारत के द्वारा किए जाने वाले कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी 13.91 फीसदी है। भारत ने 10 महीनों में कुल 83.76 अरब डॉलर का आयात चीन से किया है। जबकि इसी अवधि में भारत ने चीन को केवल 12.20 अरब डॉलर का निर्यात किया है। भारत द्वारा किए जाने वाले निर्यात में चीन की हिस्सेदारी केवल 3.30 फीसदी है। स्थिति यह है कि इस समय जहां दुनिया के 150 से अधिक देशों में भारत से किए जाने वाले निर्यात में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली है। वहीं चीन को निर्यात में लगातार कमी का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। यद्यपि पिछले दो सालों में चीन और भारत के बीच सीमा पर तनाव बढ़ा है। यहां तक कि कई बार हिंसक झड़पें हुई हैं, लेकिन फिर भी व्यापार के क्षेत्र में भारत की चीन पर निर्भरता भी लगातार बढ़ी है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दिसंबर, 2022 में राज्यसभा में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि चीन के साथ व्यापार घाटा भारत के लिए चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004-05 में भारत और चीन के बीच 1.48 अरब डॉलर का व्यापार घाटा था। लेकिन 2013-14 में ये बढ़कर 36.21 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इस प्रकार इसमें करीब 2346 फीसदी की वृद्धि हुई। इन वर्षों में चीन से आयात भी बढ़कर दस गुना से अधिक हो गया है। जहां इन वर्षों में पूरा देश चीन में निर्मित घटिया चीनी




उत्पादों से भर गया और भारत लगातार बहुत कुछ चीनी सामानों पर निर्भर होता गया, वहीं अभी भी चीन से बढ़ता आयात चुनौती बना हुआ है। चीन से भारत में आने वाले सामान में विभिन्न उद्योगों के उत्पादन में काम आने वाले दवाइयों के कच्चे माल, (एपीआई), दवाइयां, इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रानिक सामान, पशु या वनस्पति वसा, अयस्क, लावा और राख, खनिज ईंधन, अकार्बनिक रसायन, कार्बनिक रसायन, उर्वरक, कमाना या रंगाई के अर्क, विविध रासायनिक उत्पाद, प्लास्टिक, कागज और पेपरबोर्ड, कपास, कपड़े, जूते, कांच और कांच के बने पदार्थ, लोहा और इस्पात, तांबा; परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण विद्युत मशीनरी और फर्नीचर से संबंधित है। इन सामानों का चीन से आयात लगातार बढ़ा है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वर्ष 2014-15 से स्वदेशी उत्पादों को हरसंभव तरीके से प्रोत्साहित करके चीन से आयात घटाने के प्रयास हुए हैं। वर्ष 2019 और 2020 में चीन से तनाव के कारण जैसे-जैसे चीन की भारत के प्रति आक्रामकता और विस्तारवादी नीति सामने आई, वैसे-वैसे प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देश भर में बढ़ती हुई दिखाई दी। देशभर में चीनी सामान के जोरदार बहिष्कार और सरकार के द्वारा टिक टॉक सहित विभिन्न चीनी एप पर प्रतिबंध, चीनी सामान के आयात पर नियंत्रण कई चीनी सामान पर शुल्क वृद्धि, सरकारी विभागों में चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय उत्पादों के उपयोग की प्रवृत्ति को लगातार प्रोत्साहन दिए जाने से चीन के सामानों की भारत में मांग में कमी दिखाई दी है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बार-बार स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने और वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार ने स्थानीय उत्पादों की खरीदी को पहले की तुलना में अधिक समर्थन दिया। जहां वर्ष 2022 में दीपावली पर्व पर भारतीय बाजारों में चीनी उत्पादों की बिक्री में बड़ी कमी आई, वहीं मार्च, 2023 में होली पर्व पर चीनी उत्पाद बाजार से लगभग गायब रहे। यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्युफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टर को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। चीन से आयात किए जाने वाली दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं। अब देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पीएलआई स्कीम की सफलता के कारण ही वर्ष 2022-23 में फॉर्मा उत्पादों के आयात में कमी आई है ।

हम उम्मीद करें कि जिस तरह भारतीय खिलौना उद्योग ने चीन से खिलौनों के आयात में भारी कमी करके चमकीली मिसाल बनाते हुए देश और दुनिया को अचंभित किया है, उसी तरह उद्योग-कारोबार के अन्य क्षेत्रों में भी चीन से आयात घटाने और चीन को निर्यात बढ़ाने के नए अध्याय लिखे जाएंगे। हम उम्मीद करें कि चीन से घटिया स्तर के सामानों के आयात पर अंकुश लगाने से चीन के साथ देश के व्यापार असंतुलन में कमी आएगी। हम उम्मीद करें कि एक बार फिर से देश के करोड़ों लोग चीनी उत्पादों की जगह स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के नए संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे। साथ ही देश के बाजार में चीन के बढ़े हुए वर्चस्व को तोड़ने के लिए पूरे देश में और अधिक उद्यमी और कारोबारी शोध और नवाचार तथा नए आइडिए को अपनाते हुए, चीनी कच्चे माल और चीन से संबंधित अन्य आयातित सामानों के स्थानीय विकल्प प्रस्तुत करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे। साथ ही देश के उद्योग-कारोबार जगत के द्वारा प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव का अधिकतम लाभ लेते हुए इसके कारगर क्रियान्वयन से चीन से आयातों का प्रभुत्व कम करने के लिए अधिकतम प्रयास किए जाएंगे। इससे चीन से आयात कम होंगे। चीन को निर्यात बढ़ेंगे और चीन से व्यापार घाटे में कमी लाई जा सकेगी। साथ ही ऐसे में चीन पर आयात निर्भरता पर अंकुश लगाए जा सकेगा।

**लेखक अर्थशास्त्री हैं।**

# लोक निर्माण विभाग के बजट के मुख्य आकर्षण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में अधोसंरचना विकास एवं पूजीगत व्यय को प्रोत्साहित करने के लिए लोक निर्माण विभाग के बजट में कुल 07 हजार 651 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। लोक निर्माण के बजट में शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अधोसंरचना के विकास का खास खयाल रखा गया है।

बजट में राज्य मार्गों के निर्माण हेतु 180 करोड़ रूपए, मुख्य जिला सड़कों के निर्माण हेतु 378 करोड़ रूपए , ग्रामीण मार्गो के निर्माण हेतु 735 करोड़ रूपए, वृहद एवं मध्यम पुलों के निर्माण हेतु 629 करोड़ रूपए तथा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण हेतु 50 करोड़ रूपए का प्रावधान है। लोक निर्माण विभाग के बजट में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 1377 नवीन निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इसमें




1081 सड़क कार्य हेतु 579 करोड़ रूपए, 272 वृहद एवं मध्यम पुल कार्य हेतु 149 करोड़ रूपए तथा 24 नवीन शासकीय विश्रामगृह के निर्माण हेतु 09 करोड़ रूपए का प्रावधान है। 50 रेलवे ओवरब्रिज निर्माण, सर्वेक्षण, भू-अर्जन एवं यूटिलिटी कार्य हेतु कुल 29 करोड़ 95 लाख रूपए का प्रावधान है। बजट में विभिन्न शासकीय भवनों जैसे स्कूल-कॉलेज, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी इत्यादि को पक्की सड़क से जोड़ने हेतु पहुंच मार्ग निर्माण की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना में 150 करोड़ रूपए का प्रावधान है। एशियन विकास बैंक की सहायता से निर्माणाधीन सड़क विकास परियोजनाओं के लिए 793 करोड़ रूपए का प्रावधान है। ए.डी.बी. फेस-4 परियोजना अंतर्गत 17 सड़कों के सर्वेक्षण एवं निर्माण कार्य के लिए नवीन मद के रूप में 43 करोड़ रूपए का प्रावधान है। बजट में नाबार्ड की सहायता से ग्रामीण मार्गों के निर्माण हेतु 150 करोड़ रूपए का प्रावधान है।

राम वन गमन पथ के मार्गों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तथा मार्गों पर संकेतकों व प्रतीकों के विकास के लिए नवीन मद में 02 करोड़ रूपए का प्रावधान है। इसके साथ ही राजधानी रायपुर के हृदय स्थल में प्रवाहित खारून नदी पर रिवर फ्रंट का विकास किया जाएगा। इसमें नदी के तटों पर पक्के निर्माण कार्य एवं सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएंगे। इस प्रकार पूरे तट क्षेत्र का व्यवसायिक उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा जिसके लिए 10 करोड़ रूपए का प्रावधान है। बजट में रायपुर के जी.ई. रोड रोड पर शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 10 करोड़ रूपए का प्रावधान है। इसके साथ ही बजट में रायपुर में तेलीबांधा फ्लाईओवर के निर्माण हेतु नवीन मद में प्रावधान है।

# राज्य में अगले वित्तीय वर्ष के कुल बजट का 6.4 प्रतिशत स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए, 4 नए मेडिकल कॉलेज खुलेंगे

छत्तीसगढ़ में आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के कुल बजट का 6.4 प्रतिशत हिस्सा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए खर्च किया जाएगा। अगले वर्ष के बजट में सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 5497 करोड़ रूपए और चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए 2240 करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री एवं वित्त विभाग के भारसाधक मंत्री भूपेश बघेल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में प्रदेश में चार नए शासकीय मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की है। ये कॉलेज मनेन्द्रगढ़, गीदम, जांजगीर-चांपा और कबीरधाम में खोले जाएंगे। इसके लिए 200 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। गीदम में मेडिकल कॉलेज खुलने से बस्तर अंचल में तीन शासकीय मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे। वहीं मनेन्द्रगढ़ में इसके शुरू होने से सरगुजा क्षेत्र में दो शासकीय मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे।

प्रदेशवासियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री टी.एस. सिंहदेव की पहल को मूर्त रूप देने अगले वर्ष के बजट में डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए 900 करोड़ रूपए और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए 50 करोड़ रूपए का प्रावधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों के उन्नयन और नए अस्पताल खोलने के लिए 1500 नए पद सृजित किए जाएंगे। इनमें बालोद जिले के दल्लीराजहरा और सारंगढ़ में सौ-सौ बिस्तरों के नए अस्पताल के लिए 246 नए पद और धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल तथा चिरमिरी, कुसमी, वाड्रफनगर एवं सीतापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को 100-100 बिस्तर के अस्पताल में उन्नयन के लिए 470 नए पदों का सृजन भी शामिल हैं।

नए बजट में रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल में 700 बिस्तरों के एकीकृत चिकित्सालय की स्थापना के लिए 85 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहन से लेकर स्वास्थ्य विभाग की हर छोटी-बड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने वाली प्रदेश की 72 हजार मितानिनों को हर महीने 2200 रूपए का मानदेय देने की घोषणा की है। इससे मितानिनों की पुरानी मांग पूरी हुई है। मितानिनों को मिलने वाला यह मानदेय उन्हें अब तक मिल रहे प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त होगी। प्रदेश के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने आगामी बजट में मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए पांच करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण व मानव संसाधन की कमी दूर करने राज्य के अगले बजट में बालोद जिले के डौण्डीलोहारा, बेमेतरा के नवागढ़, रायगढ़ के घरघोड़ा और नवगठित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के साल्हेवारा में 50-50 बिस्तरों के अस्पताल की स्थापना के लिए 119 पदों के सृजन का प्रावधान है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गिरौदपुरी, रायगढ़ के राजपुर, कबीरधाम के इंदौरी, बेमेतरा के मारो और कोरिया के पोड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के 30 बिस्तरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन के लिए कुल 185 नए पद सृजित किए जाएंगे। वहीं जशपुर के आस्ता और दंतेवाड़ा के कौरगांव में 30-30 बिस्तरों के नए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना के लिए 74 पदों के सृजन का प्रावधान है। बालोद जिले के कुसुमकसा एवं कांकेर के भानबेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के 20-20 बिस्तरों के अस्पताल में उन्नयन के लिए 36 पद सृजित किए जाएंगे। गरियाबंद के इन्दागांव, रायगढ़ के घटगांव, धौराभांठा एवं बसंतपुर, जांजगीर-चांपा के सकर्रा और नवगठित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के आमाटोला में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा रायगढ़ के घरघोड़ा एवं नवापारा के उप स्वास्थ्य केन्द्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन कर के लिए भी 96 पदों के सृजन का प्रावधान किया गया है।

छत्तीसगढ़ के भरोसे का बजट 2023

राज्य के नए बजट में चिकित्सा महाविद्यालयों से संबद्ध अंबिकापुर, कोरबा, कांकेर, जगदलपुर, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़ एवं महासमुंद के अस्पतालों में ई-चिकित्सालय की स्थापना के लिए 50 पदों के सेट-अप एवं सूचना प्रौद्योगिकी कार्यों के लिए साढ़े सात करोड़ रूपए प्रावधानित हैं। रायपुर एवं अंबिकापुर में नवीन मानसिक चिकित्सालय की स्थापना के लिए 274 पदों के सृजन एवं भवन निर्माण के लिए दो करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। बेमेतरा जिले के साजा में 50 बिस्तरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जशपुर के कुनकुरी में 50 बिस्तरों के मातृ एवं शिशु अस्पताल, बीजापुर के नैमेड़ में 30 बिस्तरों के अस्पताल और रायगढ़ के कठानी उप स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण के लिए भी आगामी वर्ष के बजट में राशि का प्रावधान किया गया है।

मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की जाएगी। महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण के लिए प्रदेश भर में संचालित 46 हजार 660 आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी जाने वाली मासिक मानदेय को साढ़े छह हजार रूपए प्रति माह से बढ़ाकर दस हजार रूपए, आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3250 रूपए से बढ़ाकर पांच हजार रूपए तथा मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय साढ़े चार हजार रूपए से बढ़ाकर साढ़े सात हजार रूपए किए जाने की भी घोषणा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने समन्वय स्थापित कर बेहतर परिणाम लाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज




**बीजापुर।** बस्तर संसदीय क्षेत्र के सांसद दीपक बैज अपने एक दिवसीय बीजापुर प्रवास क दौरान जिला कार्यालय में जिला विकास समन्वयक एवं निगरानी समिति दिशा ससंद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 जिला स्तरीय सर्तकता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक की अध्यक्षता किए। वहीं जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिसके तहत मनरेगा के कार्यों को प्राथमिकता देने लक्ष्य अनुरूप मानव दिवस सृजित करने व्यक्ति मूलक कार्यो को प्राथमिकता देकर गाय शेड, बकरी शेड, मुर्गी शेड, भूमी समतलीकरण, व्यक्िगत कुआॅ, डबरी स्वीकृत करने के निर्देश दिए। वहीं राष्ट्रीय आजिविका मिशन के तहत स्वसहायता समूह को रोजगार से जोड़ने, ऋृण प्रदाय कराने में सहयोग करने की बात कही। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लोक निर्माण विभाग के तहत सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने पुल-पुलिया का निर्माण बरसात से पूर्व पूर्ण कराने, जहां-जहां सड़क बनाना संभव हो कलेक्टर, एसपी एवं विभागीय अधिकारी कार्ययोजना बनाकर प्राथमिकता तय करते हुए सड़कों का निर्माण पूर्ण कराने को कहा। जल-जीवन मिशन के तहत चिन्हाकिंत सभी गांवों में शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कराने, गुणवत्ता युक्त पाईप का उपयोग करने के निर्देश दिए।

शिक्षा विभाग के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूलों का संचालन, 30 नवीन स्वामी आत्मानंद स्कूलों के मरम्मत, अद्योसंरचना के कार्य आगामी शिक्षा सत्र के पहले पूर्ण कराने पुनः संचालित बंद स्कूलों का संचालन, बंद स्कूलों की पढ़ाई शिक्षकों को प्रशिक्षण एवं अंदरूनी क्षेत्रों के बच्चों को जिला मुख्यालय में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जोड़ने के निर्देश दिए। भाल करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के समुचित क्रियान्वयन कुपोषण में कमी लाने, स्वीकृत नवीन भवन आंगनबाड़ी को समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर पारदर्शिता के साथ भर्ती सुनिश्चित कराने, रेडी टू ईट का वितरण गर्म भोजन सहित पोषण आहार प्रदाय के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत हितग्राहियों को प्रशासन द्वारा दी गई सहयोग आर्थिक मदद अतंरजातीय विवाह प्रकरण के आवेदन सहित आय-व्यय का समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सदस्य सड़क सुरक्षा समितति के समीक्षा के दौरान वर्ष 2021-22 एवं 2023 में सड़क दुर्घटना एवं सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या, सड़क दुर्घटना को रोकने आवश्यक पहल करने दुर्घटना जन्य क्षेत्रों का चिन्हांकन कर बोर्ड लगाने, नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्ती से कार्यवाही करने, हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग सुनिश्चित करें।

## खास खबर

### पूरे परिवार ने देह दान किया



**भिलाई।** सामाजिक संस्था महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी के माध्यम से शिवाजी चौक कैम्प -2 भिलाई निवासी बाबूराव चौरे के पूरे परिवार के सदस्यों ने एक साथ देहदान किए जाने का भिलाई शहर में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया । महामानव संस्था के अध्यक्ष आशीष चौहान व प्रभारी डॉ संजय वालवांद्रे , जलेंद्र उके व महिला सशक्तिकरण संघ की अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध , प्रीतिमा गेडाम, प्रियवंदा वासनिक, ज्योति गेडाम,नेहा सोनकामले की काउंसिलिंग के माध्यम से महामानव संस्था के अध्यक्ष आशीष चौहान को एम्स रायपुर में देह दान करने की वसीयत सौंपी । बाबूराव चौरे (पिता) अंजू चौरे( मां )धीरज चौरे (पुत्र) सुषमा चौरे( बहू) रजत चौरे ( नाती) परिवार के पांच सदस्यों ने देह दान करने की घोषणा की। साथ ही चौरे परिवार के पड़ोस में रहने वाले चंद्राकर परिवार को भी देह दान करने के लिए प्रेरित किया चंद्राकर परिवार की बहू ज्योति चंद्राकर ने भी देह दान करने की वसीयत महामानव संस्था के अध्यक्ष आशीष चौहान को सौंपी देह दान करने वाले सभी सदस्यों को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया । उपरोक्त सभी जानकारी संस्था के अध्यक्ष आशीष चौहान ने दी ।

### 13 को कांग्रेस करेगी राजभवन का घेराव

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में कोनी कैपिटलिज्म नीति के कारण देश का नुकसान हो रहा है। गहरे आर्थिक संकट के समय भाजपा की मोदी सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई व एलआईसी जैसी सार्वजनिक संस्थाओं को अडानी समूह में निवेश करने को मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ो की बचत जोखिम में है, जिसके खिलाफ देशभर में कांग्रेस पार्टी द्वारा चरणबध्द आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 मार्च 2023 को दोपहर 12 बजे अम्बेडकर चौक, रायपुर में प्रदेश कांग्रेस द्वारा राजभवन मार्च का आयोजन किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन, एआईससी के प्रदेश प्रभारी सचिवद्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का आदि लोग उपस्थित थे।

कई बीमारियों में मिल रहा है निजात

# मरीजों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रही है जिला हॉस्पिटल का फिजियोथेरेपी यूनिट

## अब तक 26 हजार से अधिक मरीज हुए है लाभांवित

श्रीकंचनपथ न्यूज

बलौदाबाजार। जिला अस्पताल बलौदा बाजार में स्थापित फिजियोथैरेपी यूनिट मरीजों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। जोड़ो, हड्डियों के दर्द सहित विभिन्न प्रकार की सर्जरी के पश्चात आवश्यक फिजियोथैरेपी की निशुल्क सुविधा जिला अस्पताल में होने के कारण मरीजों को महंगे प्राइवेट उपचार हेतु नहीं जाना पड़ता जिससे उन्हें काफी सुविधा हो रही है।



अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि शासन द्वारा फिजियोथेरेपी यूनिट में टेंस मशीन, आईएफ्टी मसल्स स्टिम्युलेटर, ट्रेक्शन मशीन, एसडब्ल्यूडी, अल्ट्रासाउंड थेरेपी, स्टैटिक बाइसिकल ,कॉर्डीसेफ् चेयर जैसी आधुनिक मशीनें स्थापित की गई हैं जिससे फिजियोथैरेपी यूनिट सफलतापूर्वक मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है । यहां डॉक्टर मुक्तानंद साहू फिजियोथैरेपिस्ट के रूप में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं इसके साथ ही दो सहायक भी नियुक्त हैं। फिजियोथैरेपी यूनिट के फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर मुक्तानंद साहू ने बताया कि, यूनिट में जोड़ों का दर्द ,गठिया वात, नसों का दबना ,बच्चों में जन्मजात विकृति एवं मंदबुद्धि, रीढ़ की हड्डी में दर्द, गले में अकड़न, साइटिका ,किसी ऑपरेशन के पश्चात अंग में कड़ापन जैसी आवश्यक फिजियो थेरेपी सेवाएं मरीजों को प्रदान की जाती हैं । इसके साथ ही कुष्ठ के ऐसे मरीज जिनके हाथ पैर में कड़ेपन की विकृति होती है उन्हें भी ठीक किया जाता है। यह यूनिट वर्ष 2018 से जिला अस्पताल के कक्ष क्रमांक 18 में कार्यरत है। शुरुआत में औसतन 8 से 10 मरीज प्रतिदिन यूनिट में आया करते थे जो अब बढ़कर 20 से 25 औसतन हो गए हैं। इससे फिजियोथैरेपी यूनिट की लोकप्रियता का अनुमान लगाया जा सकता है। वर्ष 2018 से अब तक 26,614 मरीज इस फिजियोथेरेपी यूनिट का लाभ ले चुके हैं। विमला पटेल आयु 53 वर्ष बलौदा बाजार की निवासी हैं उन्होंने बताया कि वह 4 साल से कमर दर्द से परेशान थीं इस फिजियोथैरेपी यूनिट में 3 माह का उन्होंने निशुल्क सेशन लिया और वर्तमान में वह ठीक हो चुकी हैं । इसी प्रकार 7 वर्षीय पुनेश्वर सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित बच्चा है जिसका हाथ नहीं उठता था, पिछले 2 माह से फिजियोथैरेपी यूनिट में इलाज लेने से सुधार होने लगा है। ऐसे ही 2 वर्ष की कृतिका प्रजापति शुरुआत में स्वयं से बैठ नहीं पाती थी माता-पिता द्वारा बच्ची का फिजियोथैरेपी यूनिट में इलाज लेने से अब वह बैठने लगी है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि शासन द्वारा फिजियोथैरेपी यूनिट के संचालन हेतु आधुनिक मशीनों एवं कुशल चिकित्सकीय स्टाफ की नियुक्ति से इसका लाभ आम जनता को मिल रहा है जो की पूरी तरह से निःशुल्क है। निजी संस्थाओं में फिजियोथैरेपी काफी महंगा होता है ऐसे में अस्पताल में उपलब्ध सुविधा का मरीजों को अधिकतम लाभ लेना चाहिए।

# खूंटाघाट के द्वीप का होगा सौंदर्यीकरण



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। **प्रदेश में जल पर्यटन** को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने आज बिलासपुर जिले के खूंटाघाट जलाशय के (आईलैण्ड) द्वीप में ग्लास हाउस रेस्टारेंट, पर्यटन विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर महापौर रामशरण यादव, छ.ग. टूरिज्म बोर्ड उपाध्यक्ष श्रीमती चित्ररेखा साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

पर्यटन मंडल अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव ने बताया कि खूंटाघाट जलाशय में आईलैण्ड में राष्ट्रीय स्तर के ग्लास हाउस रेस्टारेंट एवं पब्लिक सुविधाओं का विकास कार्य के लिए छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा राशि रूपये 2.95 करोड़ की स्वीकृति प्रदान किया गया है। यह पर्यटकों के लिए काफी आकर्षक व अद्वितीय होगा। इस ग्लास रेस्टॉरेंट में 50-60 लोगों की एक साथ बैठने की क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के होने से खूंटाघाट में पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि होगी साथ ही साथ ग्लास हाउस रेस्टारेंट से जलाशय के चारों ओर विहंगम दृश्य के अवलोकन पर्यटकों को काफी सुखद अनुभव प्रदान करेगा।

उल्लेखनीय है कि ग्लास हाउस रेस्टारेंट, पर्यटन विकास का निर्माण कार्य जल संसाधन विभाग बिलासपुर के माध्यम से किया जाएगा। यह निर्माण पूर्णतः इको टूरिज्म के आधार पर होगा। पर्यावरण को संरक्षित करते हुए सभी कार्य किए जायेंगे।

# कस्टम मिलिंग के लिए लगभग 105 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की कुशल प्रबंधन के कारण अब तक कस्टम मिलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव निरंतर जारी है। कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव अंतिम चरण में है। अब तक लगभग 105 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है, जबकि लगभग 107 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर इस वर्ष 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की सफलतापूर्वक खरीदी की गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए सीधे उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव शुरू किया गया था, जिसके चलते राज्य सरकार को परिवहन व्यय में काफी कमी आयी है। इसके साथ ही धान खरीदी के बाद धान उठाव की लंबी प्रक्रिया से भी निजात मिली है। राज्य सरकार ने इस वर्ष 23 लाख 42 हजार से अधिक किसानों से 31 जनवरी 2023 तक 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने विगत दिसम्बर में अस्पताल की सेवाओं की गुणवत्ता का किया था परीक्षण

# मठपुरैना शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले रायपुर के मठपुरैना शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS – National Quality Assurance Standard) प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने विगत दिसम्बर माह में इस यूपीएचसी (rban Primary Health Centre) का निरीक्षण कर मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया था। टीम ने इस संबंध में मरीजों से भी फीडबैक लिया था।

स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम के मूल्यांकन में मठपुरैना शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 93 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने मठपुरैना यूपीएचसी के निरीक्षण के दौरान ड्रेसिंग रूम व इमरजेंसी, टीकाकरण, संचारी रोग, आउटरीच, फॉर्मेसी, लैब, सामान्य प्रशासन, गैर-संचारी रोग, परिवार नियोजन, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य और जनरल क्लिनिक जैसी सेवाओं का मूल्यांकन किया था। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का आठ मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं।

# सीआरपीएफ की 241 वीं बस्तरिया बटालियन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज




**जगदलपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 241 बस्तरिया बटालियन द्वारा शुक्रवार 10 मार्च 2023 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में तैनात महिला कार्मिकों द्वारा ग्राम सेड़वा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए अपना मिसाल देते हुए सीआरपीएफ की महिला सैनिक और अधिकारियों ने गाँव की महिलाओं को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में गाँव की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर सहायक कमाण्डेन्ट श्रीमती सविता सिंह द्वारा ग्रामीणों को भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को सक्षम बनाने सशक्त करने आगे बढ़ने, पढ़ाई करने तथा समाज में बराबरी की हिस्सेदारी बनाने के लिए चल रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गांव कि महिलाओं को प्रतीकात्मक तौर पर फूल भेंट करते हुए बच्चों और महिलाओं को मिठाई वितरण किया और इसी कड़ी मे 241 बस्तरिया बटालियन द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमे चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्षा रोज ऑ. जोन, द्वारा गांव सेड़वा, राजूर, चालकीगुड़ा और आसपास के आये 40 महिलाओ तथा बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाईयों का वितरण किया गया।


आवश्यकता है
लड़के एवं लड़कियों की
वेतन चार अंकों में
भिलाई मसाला उद्योग
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766



BIG BRAND
Premium Store
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### ग्रेजुएशन में छात्रों की संख्या कम हुईः लेकिन फर्स्ट ईयर में बढ़ी नतीजों पर भी होगा असर

**रायपुर (ए)।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा 1 मार्च से शुरू हो गई है। फर्स्ट ईयर का पेपर 16 मार्च से शुरू होगा। बीए फर्स्ट ईयर में इस बार 23259 छात्र हैं। पिछली साल की तुलना इसमें छात्रों की संख्या साढ़े चार हजार तक बढ़ी है। इसी तरह बीकॉम में 500 और बीएससी फर्स्ट ईयर में करीब दो हजार ज्यादा छात्राओं के आवेदन मिले हैं।

विवि और कॉलेजों की इस साल फर्स्ट ईयर के एग्जाम पर खास नजर है क्योंकि कोरोना से पहले यानी 2020 में इस परीक्षा का रिजल्ट 40 प्रतिशत तक ही रहता था। कोरोना में यह संख्या करीब शत-प्रतिशत हो गई थी। तीन साल बाद ऑफलाइन परीक्षा होने की वजह से इस साल नतीजों पर बड़ा असर हो सकता है।

इस बार भले ही फर्स्ट ईयर में परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है, लेकिन कुल आवेदनों की संख्या पिछली बार की तुलना में करीब 22 हजार कम हुई है। पिछली साल की वार्षिक परीक्षा में करीब 1.82 लाख आवेदन मिले थे। इस साल 1.60 लाख फार्म मिले हैं। इसमें ग्रेजुएशन सेकेंड ईयर, फाइनल ईयर और पीजी कक्षाओं में आवेदन कम मिले हैं। पड़ताल में पता चला कि पिछली बार ऑनलाइन परीक्षा हुई थी। इसलिए बड़ी संख्या में छात्रों के आवेदन मिले थे।

नियमित छात्रों की तुलना में प्राइवेट से आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या काफी ज्यादा थी। इस बार परीक्षा के आवेदन से पहले ही यह साफ कर दिया गया था कि परीक्षा ऑफलाइन होगी। छात्रों को सेंटरों में आकर पेपर देना होगा। इसलिए पिछली बार की तुलना में आवेदन कम मिले हैं। यह स्थिति अकेले रविवि में नहीं है। बल्कि अन्य राजकीय विवि में भी इस बार वार्षिक परीक्षा के लिए आवेदन कम मिले हैं।

रविवि की वार्षिक परीक्षा में लगातार नकल के मामले मिल रहे हैं। पिछले दिनों ग्रेजुएशन फाइनल ईयर की परीक्षा में बीएससी, बीकॉम व बीसीए की परीक्षा में नकल प्रकरण बनाए गए। रायपुर शहर में स्थित परीक्षा केंद्रों के अलावा धरसींवा, बैकुंठ, गरियाबंद, अभनपुर समेत अन्य केंद्रों में नकल सामग्री के साथ दर्जनभर छात्र पकड़े गए। जानकारों का कहना है कि तीन साल बाद छात्र परीक्षा केंद्र में आकर पेपर लिख रहे हैं। इसमें अच्छे छात्रों को परेशानी नहीं है, लेकिन जो कमजोर छात्र हैं जिन्होंने इस भरोसे के साथ आवेदन किया था कि इस बार भी पेपर ऑनलाइन होंगे वे ज्यादा परेशान हैं।

### हज 2023 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि अब 20 मार्च तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने बताया की, हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई के सर्कुलर 4 से प्राप्त सूचना अनुसार हज 2023 के लिए ऑनलाइन हज आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मार्च को आगे बढ़ाकर 20 मार्च संध्या 05 बजे तक निर्धारित किया गया है। आवेदकों के पास अब 20 मार्च या उससे पूर्व जारी किया हुआ एवं 03 फरवरी तक की वैधता युक्त पासपोर्ट होना लाज़मी है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-4266646 पर संपर्क किया जा सकता है।

### रायपुर निगम के सभी जोन में जन समस्या निवारण शिविर 15 व 16 को

**रायपुर।** महापौर एजाज़ ढेबर के निर्देश पर रायपुर नगर निगम द्वारा नागरिक सेवाओं एवं सुविधाओं से जुड़ी आम लोगों की जरूरतों को पूरा करने व उनकी समस्याओं का समाधान करने 15 व 16 मार्च को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम के सभी 10 जोन कार्यालयों में उक्त शिविर कार्यालयीन समयावधि में आयोजित होंगे। इन शिविरों में राशन कार्ड, नल कनेक्शन, सम्पत्ति कर, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन, आवास, नियमितीकरण जैसे सभी सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधितों से नगर निगम द्वारा अपील की गई है कि आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त तिथि को शिविर में अपनी समस्या का निराकरण कराने उपस्थित रहें।

# छत्तीसगढ़ के सोंड्रा गांव में मिली पांडुवंशी काल की बुद्ध प्रतिमा


## पुरातत्व एवं अभिलेखागार विभाग के अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

### शिवलिंग और खण्डित सीलबट्टे भी मिले

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** शिवलिंग और खण्डित सीलबट्टे भी मिलेरायपुर से बिलासपुर मार्ग पर स्थित ग्राम सोंड्रा में गृह निर्माण के लिए किये जा रहे उत्खनन कार्य के दौरान पांडुवंशी काल की प्राचीन बुद्ध प्रतिमा सहित अन्य पुरातात्विक प्रतिमाएं मिलने से गांव में हर्ष व्याप्त है। गौरतलब है कि ग्राम सोंड्रा में दिलेन्द्र बंछोर द्वारा गृह निर्माण हेतु किए जाने वाले उत्खनन कार्य के दौरान बुद्ध की प्रतिमा प्राप्त हुई है। इस संबंध में जानकारी मिलते ही पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय विभाग के संचालक विवेक आचार्य के निर्देश पर पुरातत्व विभाग की टीम डॉ. पी.सी. पारख, डॉ. वृषोत्तम साहू तथा डॉ. राजीव मिंज के द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया।





पुरातत्व एवं अभिलेखागार विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रायपुर से बिलासपुर मुख्य मार्ग में 16 किलोमीटर की दूरी पर सांकरा से 2 किलोमीटर पश्चिम दिशा में स्थित ग्राम सोंड्रा (अक्षांश 21ए21'53.एन देशान्तर 81ए38'19.4 ई) है। उक्त स्थल से खारुन नदी लगभग 3 किलोमीटर पश्चिम दिशा पर स्थित है। प्रतिमा प्राप्ति स्थल ग्राम के सबसे ऊंचाई वाले भाग पर स्थित है और यहां प्राचीन टीला होने के साक्ष्य दिखाई देते हैं। दिलेन्द्र बंछोर के व्यक्तिगत आवास परिसर में ही भवन के विस्तार के लिए कालम हेतु किए गए उत्खनन के दौरान भूमि की सतह से लगभग 3 फीट की गहराई से बुद्ध की प्रतिमा का ऊपरी भाग प्राप्त हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय बालुए पत्थर में निर्मित इस प्रतिमा की चौड़ाई 74X ऊंचाई 87X मोटाई 40 सेंटीमीटर है। बुद्ध की इस विशाल प्रस्तर प्रतिमा के माथे पर ऊर्णा (तिलक चिन्ह) का अंकन इसे अनोखा रूप प्रदान करती है और इस आधार पर इसके ध्यानी बुद्ध होने की संभावना अधिक प्रतीत होती है। बुद्ध की यह आवक्ष प्रतिमा अपूर्ण है, जिस पर छेनी के चिन्ह साफ दिखाई दे रहे हैं। त्रि-स्तरीय निर्माण तकनीक में बनी बुद्ध प्रतिमा का यह ऊपरी भाग है। इस तकनीक का प्रयोग बालुए पत्थर की विशाल प्रतिमाओं के निर्माण हेतु किया जाता था जिसमें किसी प्रतिमा को तीन प्रस्तर खंडों में योजना के अनुरूप स्तरों में निर्मित कर लम्बवत स्थापित किया जाता था। इस तकनीक की बनी बुद्ध प्रतिमा के उदाहरण छत्तीसगढ़ के सिरपुर व राजिम और बिहार के बोधगया में देखे जा सकते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि स्थल निरीक्षण करनें पर यहां अन्य प्रतिमाओं के होने की भी जानकारी प्राप्त हुई है, जो कि निकट ही में स्थित मंदिर में तथा मंदिर के बगल में बने चबूतरे पर स्थापित हैं। प्रतिमाओं में भूमिस्पर्श मुद्रा में बुद्ध, उपासक, अज्ञात स्थानक प्रतिमा, योगिक ध्यानी मुद्रा में बुद्ध, ललितासन मुद्रा तारा, स्थानक बोधिसत्त्व के साथ ही 4 शिवलिंग, 4 खण्डित पायदार सीलबट्टे, 1 प्रणाल युक्त प्रतिमा पीठ, कुछ खण्डित प्रतिमाएं व स्थापत्य खंड प्राप्त हुये हैं। उक्त स्थल के पुरावशेष पांडुवंशी काल के (6वीं से 9वीं शताब्दी ई.) प्रतीत हो रहा है।

# पर्यटन बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय और सूचना केन्द्र का शुभारंभ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बिलासपुर संभाग में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटन गतिविधियों से जुड़े हुए निजी एवं शासकीय संस्थाओं को पर्यटन से लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा आज बिलासपुर में क्षेत्रीय कार्यालय सह पर्यटन सूचना केन्द्र का शुभारंभ किया गया। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव एवं अन्य अतिथियों ने प्रताप चौक स्थित राघवेन्द्र भवन में क्षेत्रीय पर्यटक सूचना केंद्र का शुभारंभ किया।

पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय से बिलासपुर संभाग के मुख्य पर्यटन केंद्रों खूंटाघाट जलाशय, अचानकमार अभ्यारण्य, मल्हार, ताला, रतनपुर, हसदेव बांगों, सतरेंगा, मदकूद्वीप आदि अनेक पर्यटन स्थलों में पर्यटकों के मूलभूत सुविधाओ के विकास के लिए सम्बन्धित विभागों के समन्वय से जल्द कार्यवाही की जाएगी। इस केन्द्र सभी प्रकार के पर्यटन सम्बन्धी समस्त जानकारियां प्रदान की जावेगी। साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय से बिलासपुर संभाग के भीतर सभी जिलों में पर्यटन गतिविधियों के समन्वय से पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के कार्य विस्तार के लिए बिलासपुर क्षेत्रीय कार्यालय सह पर्यटक सूचना केन्द्र से प्रदेश भर के पर्यटन मंडल द्वारा संचालित होटल मोटल रिसोर्ट आरक्षण, पर्यटन संबंधी समस्त जानकारी, छत्तीसगढ़ पर्यटन के प्रचार-प्रसार एवं बिलासपुर संभाग के पर्यटन उत्पादों को शामिल कर पर्यटकों को आकर्षित करने का प्रयास किया जाएगा।

# कस्टम मिलिंग के लिए लगभग 105 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

### लगभग 107 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी

### किसानों से इस खरीफसीजन में 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की हुई है खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की कुशल प्रबंधन के कारण अब तक कस्टम मिलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव निरंतर जारी है। कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव अंतिम चरण में है। अब तक लगभग 105 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है, जबकि लगभग 107 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर इस वर्ष 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की सफलतापूर्वक खरीदी की गई है।



गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए सीधे उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव शुरू किया गया था, जिसके चलते राज्य सरकार को परिवहन व्यय में काफी कमी आयी है। इसके साथ ही धान खरीदी के बाद धान उठाव की लंबी प्रक्रिया से भी निजात मिली है। राज्य सरकार ने इस वर्ष 23 लाख 42 हजार से अधिक किसानों से 31 जनवरी 2023 तक 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। किसानों को धान खरीदी के एवज में 22 हजार 67 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है।

# एम्स में बच्चों के लिए विशेष किडनी क्लिनिक का हुआ शुभारंभ

**रायपुर (ए)।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में बच्चों के लिए पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी के विशेष क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। जिसमें किडनी रोगों से पीड़ित बच्चों का इलाज किया जाएगा। अभी एम्स में प्रत्येक सप्ताह लगभग बीस बाल किडनी रोगी पीड़ित पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों ने किडनी रोगों से बचने के लिए जीवन शैली में आवश्यक परिवर्तन अपनाने को कहा है।



विशेष क्लिनिक का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि इससे बच्चों में किडनी रोग के कारणों और इसके उपचार के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे भविष्य में किडनी रोग से पीड़ित बच्चों पर शोध भी संभव हो सकेगा। विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर ने बताया विशेष क्लिनिक प्रत्येक गुरुवार को नौ से एक बजे तक आयोजित होगा। वर्तमान में विभाग में 90 बाल किडनी रोगी रजिस्टर्ड हैं जिनमें से लगभग 10 को नियमित डायलिसिस की आवश्यकता पड़ती है। इन्हें मुख्य रूप से चेहरे, पैर और पेट पर सूजन की शिकायत होती है। उन्होंने बताया कि विभाग में औसतन 1500 किडनी रोगी प्रतिमाह आ रहे हैं। इनमें लगभग 100 रोगी नए होते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते किडनी रोग को रोकने के लिए जीवन शैली में आवश्यक परिवर्तन करने होंगे। इसके लिए प्रति दिन आठ से दस गिलास पानी पीने की आदत डालें जिससे डिहाइड्रेशन से बचा जा सके। कोई भी दवा खासतौर पर दर्द निवारक, बिना चिकित्सकीय परामर्श के न लें। इसके साथ ही अधिक नमक के सेवन से बचते हुए मौसमी सब्जियां और फलों को अपने नियमित आहार में शामिल करें। फास्ट फूड से भी स्वयं को बचाने की आवश्यकता है। शुगर और बीपी को भी नियमित चेक करवाते रहे। योग से भी किडनी रोगों से बचाव किया जा सकता है। इससे पूर्व विभाग की नर्सिंग ऑफिसर उर्मिला की याद में पौधारोपण किया गया। उर्मिला के परिजनों ने हाल ही में उसकी किडनी और कॉर्निया दान की थी। इसके साथ ही पोस्टर प्रजेंटेशन और वॉकाथान के माध्यम से परिसर के आसपास के लोगों को नियमित रूप से पैदल चलने और साइकलिंग करने का संदेश दिया गया जिससे किडनी और फेफड़े स्वस्थ रहे।

कार्यक्रमों का आयोजन नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी और नर्सिंग कालेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें प्रो. अनिल कुमार गोयल, डॉ. दिबाकर साहू, डॉ. रोहित ने भाग लिया।

# पुलिस आम जनता से मित्रवत् व्यवहार करेः राज्यपाल वश्वभूषण हरिचंदन

### परीवीक्षाधीन पुलिस अधिकारियों ने की सौजन्य भेंट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में नेताजी सुभाषचंद्रबोस राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी, रायपुर के निदेशक रतनलाल डांगी के नेतृत्व में भारतीय पुलिस सेवा के सात परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने भेंटकर उनका अभिवादन किया।

राज्यपाल हरिचंदन ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि भगवान जगन्नाथ आपको सुखी रखें। उन्होंने अधिकारियों से अपना कर्तव्य भली-भांति निभाते हुए देश और समाज की सेवा करने को कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस को आम जनता से, मित्रवत् व्यवहार करना चाहिए। पुलिस को वन्चित वर्ग के लोगो से, आम जनता से, विद्यार्थियों से, आदि से नियमित रूप से मिलना चाहिए और उनकी समस्याएं जानना चाहिये।



राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा बतौर पुलिस अधिकारी अपका व्यवहार ऐसा होना चाहिये कि लोग अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्भीक होकर न्याय पाने के उद्देश्य से आपके पास आ सके और उनकी समस्याओं को दूर कर न्यायोचित निर्णय लें। दोषियों के प्रति कठोर और निर्दोष के प्रति संवेदना पूर्वक कार्य करने से पुलिस व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, राज्य पुलिस अकादमी जयंत वैष्णव, भी उपस्थित थे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# नाखूनों को आकर्षक बनाता हैं नेलआर्ट पार्लर जैसा लुक देने के लिए आजमाए ये टूल

फैशन की परिभाषा और तरीका समय के साथ बदलता रहता है। जो फैशन कल था, वो आज नहीं है और जो फैशन आज है, वो आने वाले कल में नहीं होगा। ऐसे में आज के समय में नेलआर्ट का फैशन बहुत उभरकर सामने आया हैं। नाखूनों को आकर्षक बनाने के लिए ज्यादातर महिलाएं नेल आर्ट की मदद लेती हैं। इसके लिए महिलाएं पार्लर जाना पसंद करती हैं। लेकिन अगर आप चाहें तो घर में पर ही इससे जुड़ी आम चीजों का इस्तेमाल करके अपनी क्रिएटिविटी के अनुसार परफेक्ट नेल आर्ट बना सकती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको नेल आर्ट करने के कुछ टूल्स के बारे में बताने जा रहे हैं जो आपके किट में जरूर होने चाहिए। आइये जानते हैं..

## नेलपेंट रिमूवर

रिमूवर की जरुरत नेल पॉलिश को हटाने के लिए किया जाता है। इसके लिए नेल पॉलिश रिमूवर वाइप्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन वाइप्स का आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। आपको बता दें कि इसमें एसीटोन और एल्कोहल नहीं होता है।

## डॉटिंग टूल्स

नेल आर्ट बनाने के लिए नेल आर्ट किट में डॉटिंग टूल्स का होना बेहद जरुरी है। यह नाखूनों पर डॉट बनाने में मदद करता हैं। यदि आप नेल आर्ट करना सीख रहे हैं, तो आपके लिए घर पर ऑन-फ्लीक नेल आर्ट बनाने के लिए एक डॉटिंग टूल का इस्तेमाल सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। आप या तो नेल पेन में निवेश कर सकते हैं या टूथपिक, बॉबी पिन, ऑरेंज स्टिक या पेंसिल जैसी नुकीली वस्तुओं का उपयोग कर सकते हैं, जो भी उपलब्ध हो।

## टोपकोट और बेसकोट

अपनी नेल आर्ट किट में एक अच्छी क्वालिटी और जल्दी सूखने वाला टोपकोट जरूर शामिल करें। टोपकोट की मदद से आप अपने नाखूनों पर शाइन ला सकती है। अपने नेल्स के हिसाब से बेसकोट शामिल करें। आपके नाखूनों को अगर कैल्शियम की जरुरत है तो कैल्शियम बिल्डर की मदद लें। इसके लिए नेल पेंट लगाने से पहले बेसकोट लगाना बिल्कुल ना भूलें।

## स्ट्रिपिंग टेप

अपने नेल आर्ट को आकर्षक बनाने के लिए सुपर पतली स्ट्रिपिंग टेप का प्रयोग करें। आप या तो इन मैटेलिक टेप्स का इस्तेमाल अपने नेल आर्ट को बनाने के लिए कर सकती हैं या सुपर स्ट्रेट लाइन्स बनाने के लिए और फिर इसे हटा सकती हैं। एक रंगीन स्ट्रिपिंग टेप उन सभी के लिए बहुत मददगार हो सकता है जो बिना गड़बड़ किए अपने नाखूनों पर ग्राफिक डिज़ाइन और सीधे किनारे बनाना चाहते हैं।

## स्ट्रिपर ब्रश

आप या तो किसी ब्यूटी स्टोर से स्ट्रिपर ब्रश ले सकती हैं या अपने नाखूनों पर जटिल विवरण और पतली रेखाएं बनाने के लिए पतले पेंट ब्रश का उपयोग कर सकती हैं। सुनिश्चित करें कि आपने अपने ब्रश को किसी अन्य रंग में डुबाने से पहले नेल पॉलिश रिमूवर से ठीक से साफ कर लिया है।

## ट्वीजर

नेल आर्ट करते हुए आपको कई चीजों की जरुरत होती है जिसे नेल आर्ट करते समय आप नाखूनों पर लगाती हैं। इन चीजों को लगाने के लिए आपको छोटी चिमटी या ट्वीजरकी जरूरत पड़ सकती है जिसकी मदद से भी आप इन सजाने की चीजों को अपने नाखूनों पर लगा सकती हैं।

# नियति फतनानी ने बताया डियर इश्क के लिए इंटीमेट सीन की शूटिंग के बारे में



अभिनेत्री नियति फतनानी इन दिनों वेब सीरीज डियर इश्क में नजर आ रही हैं और उन्होंने हाल ही में एक इंटिमेट सीक्वेंस शूट किया है। अभिनेत्री ने बताया कि वह इंटिमेट सीन शूट करने से पहले कैसे झिझक रही थीं। अभिनेत्री नियति फतनानी ने कहा, पहली बात तो यह है कि मैं शर्मीली हूं और एक शर्मीले इंसान के लिए इस तरह के सीन करना इतना आसान नहीं है, इसलिए शुरू में मुझे बहुत झिझक हो रही थी।

टीम ने यह सुनिश्चित किया कि मैं और मेरे सह-अभिनेता सीन करने में सहज हों और इसे इस तरह से डिजाइन किया गया था कि इसे शूट करना आसान हो। और यह स्क्रीन पर भी बहुत ही सौंदर्यपूर्ण रूप से आया। अभिनेत्री नियति ने नजर, ये मोह मोह के धागे, डी4- गेट अप एंड डांस जैसे कई शो किए हैं।

अभिनेत्री इन दिनों शो तेरे इश्क में घायल में नजर आ रही हैं। नियति यश और ममता पटनायक द्वारा निर्मित डियर इश्क में पुरस्कार विजेता अस्मिता रॉय की भूमिका निभा रही हैं। वह एक बंगाली लड़की है जिसे पुराने क्लासिक साहित्य पढ़ना पसंद है और उन्हें मंटो, चार्ल्स डिकेन और प्रेमचंद जैसे लेखकों से प्यार है।

उन्होंने कहा कि एक अभिनेत्री होने के नाते, स्क्रिप्ट की मांग को पूरा करना उनका काम है। हालांकि वह अंतरंग दृश्य (इंटीमेट सीन) करने में हिचकिचा रही थीं, लेकिन उन्होंने इसे किया। उन्होंने आगे कहा कि इंटीमेट सीन स्क्रिप्ट की मांग थी और उस आवश्यकता को पूरा करना एक अभिनेत्री का काम है। सीन बहुत अच्छा निकला और दर्शकों की अद्भुत प्रतिक्रिया यह सब कह रही है। अभिनेत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि शो के दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

## फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का बेहतरीन प्रदर्शन

रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। होली के खास मौके पर रिलीज हुई फिल्म तू झूठी मैं मक्कार को समीक्षकों और प्रशंसकों द्वारा शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले दिन 15.73 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। हालांकि, फिल्म के दूसरे दिन के कलेक्शन में गिरावट देखने को मिली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तू झूठी मैं मक्कार ने गुरुवार को कुल 9-9.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इसके साथ फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन लगभग 25.73 करोड़ रुपये हो चुका है। ऐसे में तू झूठी मैं मक्कार पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली रोम-कॉम भारतीय फिल्म बन गई है। लव रंजन द्वारा निर्देशिक इस फिल्म ने शाहरुख खान और अनुष्का शर्मा की फिल्म जब हैरी मेट सेजल (2017) को पीछे छोड़ते हुए यह मुकाम हासिल किया है, जिसने पहले दिन 15.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। ट्रेड एनालिस्ट तरण आर्दश ने बताया कि तू झूठी मैं मक्कार ने पहले दिन कई राज्यों में होली के उत्सव के कारण अच्छी कमाई की, यह कमाई ज्यादा हो सकती थी, लेकिन कई जगहों पर एक दिन पहले भी होली मनाई गई। जब हैरी मेट सेजल को 50 लाख रुपये से पछाड़ तू झूठी मैं मक्कार पहले दिन सबसे अधिक कमाई करने वाली रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म बन गई है। आलिया भट्ट की शानदार (2015) भारत में तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली रोम-कॉम है, जिसने पहले दिन 13.10 करोड़ का कारोबार किया था। 11 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ कॉकटेल (2012) चौथे स्थान पर है, जबकि अजय देवगन की दे दे प्यार दे (2019) 10.41 करोड़ रुपये के साथ पांचवें स्थान पर रही। गौरतलब है कि होली के खास मौके पर रिलीज हुई फिल्म तू झूठी मैं मक्कार पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली रोम-कॉम भारतीय फिल्म बन गई है। इसने ने जब हैरी मेट सेजल, शानदार, कॉकटेल और दे दे प्यार दे जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी फिल्में निर्देशित कर चुके लव रंजन इसके निर्देशक हैं। फिल्म में बोनी कपूर और डिंपल कपाड़िया भी अहम भूमिका में हैं।

## सुनील शेट्टी की नई सीरीज हंटर का टीजर जारी

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सुनील शेट्टी को कौन नहीं जानता, एक्टर ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को कई सारी हिट फिल्में दी हैं. एक्टर के पूरे देश भर में फैन-फॉलोइंग है. आज हम सुनील शेट्टी के फैंस के लिए एक खुशखबरी लेकर आए हैं. सुनील शेट्टी की आने वाली वेब सीरीज हंटर-टूटेगा नहीं तोड़ेगा का टीजर आज यानी शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है. इस एक्शन थ्रिलर में सुनील शेट्टी लीड रोल में एसीपी विक्रम सिन्हा की भूमिका निभा रहे हैं. टीजर में सुनील बदमाशों से अकेले ही अपराधियों से लोहा लेते नजर आ रहे है. प्रोमो में ईशा देओल और बरखा बिष्ट को भी देखा जा सकता है.


आपको बता दें कि, अपने नए शो के बारे में बात करते हुए, सुनील ने कहा, एक शैली के रूप में एक्शन एक ऐसी चीज है जिसके लिए मैं हमेशा से जुनूनी रहा हूं और हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा मुझे उस जुनून को फिर से जीने में मदद कर रहा है. यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो वास्तव में एक टीम प्रयास रहा है. मैं शुरू से ही एसीपी विक्रम सिन्हा के किरदार से बंधा हुआ था. वह वन मैन आर्मी है जिसके बारे में हमने अक्सर सुना है. बिलकुल कच्चा और कठोर.

हंटर के सिनॉप्सिस में लिखा है, हंटर एक एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज़ है जो सुनील शेट्टी को एसीपी विक्रम के रूप में मुंबई की अपराध की दुनिया की अंधेरी गलियों में ले जाती है. एक लापता महिला को खोजने का मिशन उसे अपने अतीत और भविष्य के बीच उलझा देता है.

सुनील शेट्टी ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सीरीज का टीजर शेयर किया और लिखा, एसीपी विक्रम को रोकना है तो ठोकना पडेगा वह अजेय है या वह है? बता दें कि, इस शो में राहुल देव, मिहिर आहूजा, टीना सिंह, चाहत तेजवानी, करणवीर शर्मा, सिद्धार्थ खेर, गार्गी सावंत और पवन चोपड़ा भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं. इस वेब सीरीज का निर्देशन प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा द्वारा किया गया है. हंटर 22 मार्च को अमेजन मिनीटीवी पर रिलीज किया जाएगा.

# परेशान कर रही हैं पैरों की रूखी त्वचा, इन टिप्स की मदद से दूर होगी

सर्दियों में सर्द हवाएं स्किन की नमी को तेजी से चुरा लेती हैं। कई बार तो क्रीम और लोशन लगाने के बाद भी हाथ, पैर और चेहरे से रूखापन नहीं जाता। खासतौर से पैरों की रूखी त्वचा ज्यादा परेशान करती हैं और इससे खुजली की समस्या खड़ी हो जाती हैं। कई बार पैर सूज जाते है या फिर दरार दिखने लग जाती है और पैरों में रूखेपन की वजह से चलना भी मुश्किल हो जाता है। अगर आप भी विंटर के मौसम में इस समस्या से जूझ रहे है तो आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं जिनके इस्तेमाल से पैरों की रूखी त्वचा को दूर करने में मदद मिलेगी। तो आइये जानते हैं किस तरह सर्दियों में मुलायम और कोमल त्वचा पाने के लिए आपको त्वचा का ख्याल रखना चाहिए।



## स्क्रब से हटाएं डेड स्किन सेल्स

अपने पैरों की रूखी त्वचा को खत्म करने के लिए आप घरेलू स्क्रब की मदद से सबसे पहले डेड स्किन सेल्स को हटाए। इसके लिए आप थोड़ा शहद, चीनी और गर्म पानी को एक साथ मिलाकर अपने पैरों पर लगाएं और अच्छी तरह से मसल कर डेड स्किन सेल्स को हटाए। यह आपके पैरों को मुलायम और चमकदार बना देगा और पैरों से डेड स्किन सेल्स भी निकल जाएंगे। इसके साथ ही आप मॉश्चराइजर का भी जरूर इस्तेमाल करें। इससे पैरों का रूखापन कम होता है।

## लें एलोवेरा की मदद

एलर्जी के कारण भी पैरों की त्वचा ड्राय हो सकती है, इस समस्या को दूर करने के लिए आप एलोवेरा का इस्तेमाल करें। एलोवेरा जेल को आप पत्ते से निकालकर सीधे पैर पर एप्लाई करें और 20 मिनट बाद पैरों को धो लें। आपको खुजली, त्वचा की पीलिंग या क्रैक्स को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर आपके पैरों का रूखापन किसी मेडिकल कंडीशन के कारण है तो आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। पैरों को रूखी त्वचा से बचाने के लिए आपको उसे सूरज की किरणों से बचाकर रखना चाहिए, यूवी रेज पैरों की त्वचा को रूखा बनाने का काम करते हैं।

## गर्म पानी मे रखें पैर

पैरों से रूखेपन को कम करने के लिए आप यह घरेलू नुस्खा भी आजमा सकते हैं। एक कटोरा या टब में अच्छे से गर्म पानी लेकर उसमें नींबू और शैंपू डालकर करीब 30 मिनिट तक पैर रखें और मसले। ऐसा करने से भी डेड स्किन सेल्स निकल जाएंगे, पैरों की रूखी त्वचा से भी आपको छुटकारा मिलेगा और पैर मुलायम व साफ दिखेंगे। ऐसा करने से भी डेड स्किन सेल्स जल्दी अपनी जगह छोड़ देंगे।

## प्यूमिक स्टोन का इस्तेमाल

प्यूमिक स्टोन प्राकृतिक लावा से बना पत्थर होता है, जो त्वचा की मृत कोशिकाओं को बहुत अच्छी तरह हटा देता है। पैरो में कड़े घट्टे (कैलस) हों तो उन्हें प्यूमिक स्टोन नर्म कर देता है। कैलस या त्वचा की मृत कोशिकाओं पर प्यूमिक स्टोन को सौम्यता से रगड़ें। सर्कुलर मोशन में और आगे-पीछे घुमाते हुए प्यूमिक स्टोन से अपनी त्वचा को साफ करें।

## मॉइश्चराइजर और तेल का करें इस्तेमाल

पैरों को रूखेपन से बचाने के लिए मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना बहुत ज्यादा जरूरी है क्योंकि मॉइश्चराइजर सर्दियों में रूखी त्वचा और फटे हुए पैरों से छुटकारा दिलाने में काफी मददगार भूमिका अदा करते हैं। रूखी और सख्त त्वचा को मुलायम बनाने के लिए रोज रात में मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए। पैरों में मॉइश्चराइजर लगाकर मोजे पहनकर सोना चाहिए। मॉइश्चराइजर के अलावा आप नारियल तेल या बादाम तेल या फिर सरसों का तेल भी लगा सकते हैं। पैरों की अच्छे से मालिश जरूर करें क्योंकि इससे भी डेड स्किन सेल्स निकल जाते हैं। पैरों की त्वचा भी मुलायम होती है और रूखेपन से भी छुटकारा मिलता है।

## पहने मोजे

विंटर सीजन रूखे पन से पैरों को बचाने के लिए मोजे पहना बहुत ज्यादा जरूरी है क्योंकि मोजे धूल मिट्टी को सीधे पैरों तक नहीं पहुंचने देते हैं। अगर आप ज्यादा देर तक खड़े हो रहे हैं या फिर कहीं बाहर जा रहे हैं तो आप कोशिश करेंगे की मोज़े जरूर पहने घर में चप्पल भी पहन कर रखें। साथी मोज़े भी जरूर पहने क्योंकि यहां आपको रूखेपन से भी बचाएंगे और पैरों को फटने से भी रुकेंगे।

## त्वचा को हाइड्रेट करें

आपको रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। रोजाना 8 से 10 गिलास पानी का सेवन करें। पानी के अलावा भी आपको स्टार्च और चीनी मुक्त तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिए। आप अपनी डाइट में नारियल पानी, नींबू पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। बहुत से लोग त्वचा में हाइड्रेशन के लिए जूस का सेवन करते हैं पर आपको बता दें कि जूस में फल के रेशे मौजूद नहीं होते हैं एक्सपर्ट्स के मुताबिक उसे आप चीनी का घोल कह सकते हैं। आपको उसे अवॉइड करना चाहिए। त्वचा को तरल पदार्थ और पानी से हाइड्रेशन मिलेगा तो त्वचा में रूखापन नहीं नजर आएगा।

## सही फुटवेयर का करें चयन

विंटर सीजन में सही फूड अफेयर का चयन करना बहुत ही जरूरी है। वैसे तो आपको कोशिश करना चाहिए कि आप जूते या फिर पैरों को पूरी तरह से कवर करने वाले शूज पहने और हो सके तो मोजे भी जरुर पहनें। लेकिन अगर आप हिल्स या फिर सैंडल पहन रहे हैं तो आपको मॉइश्चराइजर लगाने के बाद ही फुटवियर पहनना चाहिए।

# कुंडली भाग्य की प्रीता ने गिराई अपने हुस्न की बिजलियां, देखकर मदहोश हुए फैंस



टीवी के चर्चित सीरियल कुंडली भाग्य की प्रीता ने एक बार फिर अपने बोल्ड अंदाज से सोशल मीडिया पर लोकप्रियता बटोरनी आरम्भ कर दी है। हाल ही में श्रद्धा आर्या ने नई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। श्रद्धा की बोल्डनेस और उनके हुस्न का दीदार देख प्रशंसक जमकर तारीफें करते दिखाई दे रहे हैं।

वही हाल ही में श्रद्धा आर्या ने पिंक कलर का आउटफिट पहने तस्वीरें साझा की हैं। कंधे से सरकते ऑउटफिट में श्रद्धा जमकर अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। फुल स्लीव्स डीपनेक ऑउटफिट में श्रद्धा आर्या बेहद खूबसूरत और सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। श्रद्धा आर्या ने सटल मेकअप के साथ न्यूड पिंक शेड लिपस्टिक कैरी की है। साथ ही श्रद्धा आर्या ने बालों को नीचे से कर्ल करके खुला छोड़ा है।

श्रद्धा आर्या ने अपने नए लुक को पूरा करने के लिए कानों में स्टोन्स वाले ईयरिंग्स पहनें है। साथ ही श्रद्धा मैचिंग बैग और हील्स भी नई तस्वीरों में जमकर फ्लॉन्ट किए हैं। वही बात यदि श्रद्धा आर्या के वर्कफ्रंट की तो एक्ट्रेस ने कई टेलीविजन शोज के साथ-साथ अमिताभ बच्चन की फिल्म निशब्द में भी वह नजर आ चुकी हैं। श्रद्धा आर्या ने कई फिल्मों में अपनी अदाकारी का जादू दिखाया है। फिलहाल श्रद्धा आर्या जी टीवी के सीरियल कुंडली भाग्य में प्रीता की भूमिका निभाती दिखाई दे रही हैं। श्रद्धा आर्या की सोशल मीडिया पर बेहतरीन फैन-फॉलोइंग है, जब भी श्रद्धा नई तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं तारीफें करने वालों का तांता लग जाता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### नगर में होलिका दहन शांति पूर्वक सम्पन्न, पुलिस की रही चाक चौबंद व्यवस्था

**गरियाबंद।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में होलिका दहन शांति पूवक सम्पन्न हुआ। इस तीन कोरोना वर्ष के पश्चात इस वर्ष होली त्योहार को लेकर प्रशासन द्वारा पर्व मनाने में रियायत तो दिया गया लेकिन प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइंस के सख्ती को पालन करने निर्देश जारी किया गया था ,उसके तहत मंगलवार के रात को होलिका का कार्यक्रम शांति पुर्वक सपन्न हुआ। साथ ही होलीका दहन को लेकर लोगो मे जागरूकता भी देखने मिला जिसके चलते लोगो के द्वारा अब लकड़ी को न जलाकर कंडे की होली बनाकर कर पूजा किये और कंडे की होलिका दहन किया गया।वही पुलिस विभाग द्वारा शांति ब्यवस्था और अप्रिय घटना की रोकने पूरी रात नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में लगातार सर्चिंग किया गया जिससे होलिका दहन का कार्यक्रम शांति पूर्वक समापन हुआ ,वाहक आज बुधवार को रंग गुलाल खेला जाना है।इसके चलते नगर के विभिन्न चौक चौराहे में पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गईं है। ज्ञात हो कि इस त्योहार को लेकर गरियाबंद पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले ने जिला गरियाबंद में होली पर्व दौरान असामाजिक तत्वों/ हिस्ट्रीशीटर के अवैधानिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए पूर्व में समस्त थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिया गया था।

### गोधन न्याय योजना के तहत जिले में गौठान मेला का आयोजन

**राजनांदगांव।** जिले के सभी विकासखंडों में शासन की महत्वपूर्ण गोधन न्याय योजना के तहत गौठान मेला का आयोजन आज किया गया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सांकरा, रेंगाकठेरा, चारभांठा, डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम भोथली, पिनकापार, सिवनीकला, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम दिवानभेड़ी, छुरिया विकासखंड के ग्राम घोरतलाव में गौठान मेला का आयोजन किया गया। कलेक्टर डोमन सिंह की पहल पर नवाचार के तौर पर शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत गोबर क्रय, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एवं विक्रय, चारागाह निर्माण एवं मल्टीएक्टीविटी को बढ़ावा देने के लिए जिले के सभी विकासखंड में क्लस्टरवार गौठानों में गौठान मेला का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत गौठानों को आजीविका केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। महिला स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार प्रोड्क्ट को स्थापित करने के उद्देश्य से क्लस्टर में गौठान ग्राम चिन्हांकित कर गौठान मेला का आयोजन किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ की गई है। योजनांतर्गत आश्रित संतान हेतु दत्तक संतान एवं हितग्राही पंजीकृत श्रमिक व पंजीकृत श्रमिक के संतानों को शैक्षणिक योग्यता अनुसार लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, कर्मचारी चयन आयोग, बैंकिग, रेल्वे, पुलिस भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 4 से 10 माह तक की नि:शुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक एवं पात्र हितग्राही स्वयं, च्वाईस सेन्टर या श्रम कार्यालय के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय श्रम पदाधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती हैं।

# प्रदेश के गरीबों, किसानों के साथ ही गांवों का भी किया जा रहा तेजी से विकास: डॉ.चरणदास महंत

**विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने नगर पंचायत क्षेत्र सारागांव में दी अनेक विकास कार्यों की सौगात**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज जांजगीर-चांपा जिले के नगर पंचायत क्षेत्र सारागांव में विधिविधान से भूमिपूजन और लोकार्पण करते हुए विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने क्षेत्र में बेहतर विद्युत सेवा के लिए नवसृजित विद्युत उप संभाग कार्यालय सारागांव के लोकार्पण के साथ ही नगर पंचायत सारागांव क्षेत्र में एक करोड़ 62 लाख रूपये से अधिक राशि के 6 विकास कार्यों का लोकार्पण और 17 लाख रूपये से अधिक राशि के एक कार्य का शिलान्यास किया।**




विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने इस तरह डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन सारागांव परिसर में नगर पंचायत क्षेत्र के कुल एक करोड़ 80 लाख रुपए के सात विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्युत उप संभाग कार्यालय सारागांव के लोकार्पण अवसर पर 511 लाख रूपये के लागत से बने विद्युत विस्तार कार्य और उपकेंद्र बाराद्वार का भी लोकार्पण किया। इस प्रकार विधानसभा अध्यक्ष ने आज कुल 691 लाख रूपये से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि प्रदेश के गरीबों, किसानों के साथ ही गांवों का भी तेजी से विकास किया जा रहा है। प्रदेश में सभी सुखी रहे और उनके बच्चों के पढ़ाई लिखाई सहित अन्य सुविधाओं के लिए भी लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के लोगो में योग्यता की कोई कमी नहीं है, जिले के नागरिक अमेरिका सहित अन्य देशों में रहकर बेहतर कार्य कर रहें है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगो को बजट में जिले के लिए किए गए मेडिकल कालेज की घोषणा सहित अन्य घोषणाओं की भी जानकारी दी।

राजस्व मंत्री श्री जय सिंह अग्रवाल ने कहा कि आमजन की आधारभूत सुविधाओं का ख्याल रखना आवश्यक है। किसी भी व्यक्ति की आधारभूत जरूरतों में बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा आदि होती है। जिसके लिए लगातार कार्य करते हुए गांवों का भी विकास तेजी से किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में घोषित दो विद्युत उपसंभाग कार्यालयों में से एक कार्यालय सारागांव में स्थापित किया गया है जो क्षेत्र के लोगो के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने की। इसके साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत सारागांव के अध्यक्ष रामकिशन सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष दिलेश्वर राठौर की उपस्थित में संपन्न हुआ। मुख्य नगर पंचायत अधिकारी सारागांव से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ. महंत ने आज 83 लाख रुपये की लागत से डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन सारागांव रोड, 26 लाख 35 हजार रुपए की लागत से पौनी पसारी व्यवसायिक परिसर, 30 लाख 6 हजार रुपए की लागत से स्वामी आत्मानंद बी.डी.एम. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आहाता निर्माण कार्य, 8 लाख 30 हजार रुपये की लागत से स्वामी आत्मानंद बी.डी.एम. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में किचन शेड निर्माण कार्य, 11 लाख रुपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आहाता निर्माण एवं सीसी रोड निमार्ण कार्य, 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्र. 05 मनका दाई मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण और 17 लाख 79 हजार रुपये की लागत से गौठान शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सारागांव में नवसृजित विद्युत उप संभाग कार्यालय के लोकार्पण अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, 11 केवी शिरोपरी लाईन 4 किलोमीटर, नवीन वितरण ट्रांसफार्मर 12 नग और नवीन निम्नदाब केबल लाईन 22 किलोमीटर के कार्य सहित 230 लाख रूपए लागत राशि के 33/11 केवी उप केन्द्र बाराद्वार का भी लोकार्पण किया गया।

## विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका : कलेक्टर




श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। आज हमारे देश में युवाओं की संख्या 65 प्रतिशत है, जो कि दुनिया में सर्वाधिक है। विकसित भारत का निर्माण करने में युवाओं की अहम भूमिका है। युवाओं को विकसित भारत बनाने के लिए राष्ट्र केंद्रित होकर रचनात्मक योगदान करना चाहिए। यदि देश के युवा राष्ट्र को केंद्र में रखकर देश के उत्थान के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य करेंगे, तो देश का समग्र विकास संभव है।**

उक्त बातें कोरबा कलेक्टर संजीव झा ने शासकीय मिनीमाता महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित युवा उत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में कही।

कलेक्टर श्री झा छात्र-छात्राओं से कहा कि वह जीवन में अपने लिए हमेशा बड़े लक्ष्य का निर्धारण करें। लक्ष्यों की प्राप्ति करने के लिए अप्प दीपो भव: अर्थात् अपना प्रकाश स्वयं बने, युवा स्वयं अपने रोल मॉडल बनें। श्री झा ने कहा कि दृढ़ संकल्पित होकर, ईमानदारी और आत्मविश्वास से कार्य करने पर सफलता अवश्य ही मिलती है।

विशिष्ट अतिथि आयुक्त नगर निगम श्री प्रभाकर पाण्डेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही इस देश की दिशा और दशा तय करेंगे। लेकिन इसके लिए यह आवश्यक है कि हर युवा यह चिंतन करें कि वे किस दिशा में कार्य कर रहे हैं।

कलेक्टर ने युवा उत्सव में पेंटिंग, फोटोग्राफी, काव्य रचना, नृत्य विधा, भाषण आदि के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने कलेक्टर को स्मृति चिन्ह भेंट किया। आभार श्री शुभजीत डे युवा अधिकारी जिला नेहरू युवा केंद्र ने माना।

कार्यक्रम में एसडीएम कोरबा सुश्री सीमा पात्रे, डॉ. विनोद साहू विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र, प्रोफेसर भागवत प्रसाद पटेल भौतिक विभाग सहित महाविद्यालयीन शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नगरीय निकायों में राजस्व वसूली के लिए चलाएं अभियान- कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज नगरीय निकायों के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में 31 मार्च तक अभियान चलाकर राजस्व वसूली का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में चालू वर्ष और बकाया राजस्व मांग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बकाया करों की वसूली की जाए, इसके लिए सभी नगरीय निकाय अभियान चलाएं।**



इसी प्रकार नियमितीकरण के मामलों में भी आवेदकों से प्रकरण लेकर उसका सामयिक निराकरण करने के निर्देश सभी नगरीय निकाय के सीएमओ को दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना और धन्वंतरी जेनेरिक दवा योजना की समीक्षा भी बैठक के दौरान की। उन्होंने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत लगने वाले एमएमयू से लगने वाले मेडिकल कैंप की सतत मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यहां लोगों को इलाज के साथ शासन द्वारा तय किए गए सभी मेडिकल जांच और दवाईयों की सुविधा मिलनी चाहिए। इस कार्य में लगी एजेंसीज के काम की जांच की जाए। जिसके भी काम में लापरवाही मिले उसके खिलाफ तत्काल कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए। सस्ती दवा दुकान को लेकर कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि यह शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इस दिशा में कार्य करें। स्थानीय स्तर पर दवा दुकान से होने वाली बिक्री की नियमित समीक्षा की जाए।कलेक्टर श्री सिन्हा ने नगरीय निकायों में चल रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने सड़क निर्माण के सारे कार्य प्राथमिकता से पूरे करवाने के निर्देश सभी सीएमओ को दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने इसके साथ ही नगरीय निकायों में चल रहे गोधन न्याय योजना की समीक्षा की। उन्होंने गौठानों में गोबर खरीदी तथा वर्मी कम्पोस्ट निर्माण का कार्य नियमित रूप से जारी रखने के लिए कहा।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशील पहल

## बाल देख-रेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले बालक-बालिकाओं के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री बाल उदय योजना होगी शुरू

- **बाल संप्रेक्षण गृह से बाहर जाने की आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करते हुये बनाई गई पुनर्वास योजना**
- **मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग बना रहा विस्तृत कार्ययोजना**
- **छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और आवास के लिए करेगी सहयोग**



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में संचालित बाल देख-रेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले बालक-बालिकाओं के पुनर्वास के लिए इस साल बजट में बड़ा निर्णय लेते हुए उनके लिए मुख्यमंत्री बाल उदय योजना प्रारंभ करने की घोषणा की है। यह योजना प्रदेश के बाल गृहों से बाहर जाने वाले बच्चों के भावी जीवन के लिए सही राह दिखाकर उन्हें स्वावलंबन में मदद करेगी।

इसके लिए बजट में 01 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही बाल संप्रेक्षण गृह से बाहर जाने की आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करते हुये पुनर्वास योजना बनाई गई है ।

योजना के तहत बाल देख-रेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के बालक-बालिकाओं को पुनर्वासित और पुनर्स्थापित करने के लिए राज्य सरकार सहयोग देगी। पहले पुनर्वास केंद्र से बाहर जाने वाले कई बच्चों के सामने आवास,रोजगार सहित समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर आगे बढ़ने में कई तरह की दिक्कतें आती थी।

इन परिस्थितियों में कई बार बच्चे अपराध की ओर भी अपने कदम बढ़ा लेते हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इन बच्चों के लिए एक संवेदनशील पहल की है। मुख्यमंत्री श्री बघेल के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया के नेतृत्व में बाल गृह से बाहर जाने वाले बालक-बालिकाओं को पुनर्वासित और पुनर्स्थापित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

पुनर्वास योजना में बालक-बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक आर्थिक सहायता की व्यवस्था, रोजगार सुनिश्चितता, आवास सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि ऐसे युवाओं के व्यावसायिक कौशल विकास की भी व्यवस्था हो, जिससे वे स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने देख-रेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले बालक-बालिकाओं के लिए योजना में सामुदायिक सामूहिक आवास की व्यवस्था का प्रावधान करने के निर्देश भी दिए हैं।

# जो खुद से ज्यादा समाज का सोचे वही समाज सुधारक है- विजय बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**पाटन। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 77 वाँ महाधिवेशन में प्रथम दिवस के विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे समाज के संरक्षक एवं दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री विजय बघेल ने समाज के लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमारे समाज को संगठित करने के लिए अनेको कठिनाइयों का सामना किया हैं।**




जिस समय साधन संसाधन का कमी रहता था उस समय भी उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने के साथ साथ हम सबके उज्जवल भविष्य के बारे मे सोचते हुए अनेको आपदाओं एवं विपदाओं से जूझकर समाज को एकजुट कर समाज को विश्वास संगठन चरित्र एवं एकता के सूत्र में पिरोकर हम सबको संगठित करने का प्रयास किया है।

हमारे मनवा कुर्मी समाज के महापुरुषों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी अखिल भारतीय कुर्मी महासभा में सर्व कुर्मी समाज का नेतृत्व किया है। हमसबको एक मंच में लाने के लिए हमारे समाज के प्रमुख एवं राज स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक के सामाजिक कार्यकर्ता लगातार कई महीनों से अपने सारे काम काज को छोड़कर इस आयोजन की तैयारी में लगे हुए थे।हमें हमारे समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वालो का हमेशा सम्मान करना चाहिए।

प्रथम दिवस के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा ,पाटन राज के राजप्रधान सीताराम वर्मा जी सहित नौ राजो के राज प्रधानगण, केंद्रीय कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारीगण ,सभी राजो के राजकार्यकारिणीगण,सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

## भारत के खिलाफ झूठ फैला रहा है एनवाईटी : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली(एजेंसी)। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क टाइम्स पर भारत के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया और कश्मीर में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर इसमें प्रकाशित एक लेख को छलावा और काल्पनिक करार दिया.**

ठाकुर ने ट्वीट किया कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने भारत के बारे में कुछ भी प्रकाशित करते समय तटस्थता मानकों को बहुत पहले छोड़ दिया था. कश्मीर में प्रेस की स्वतंत्रता पर एनवाईटी की तथाकथित 'राय' छलावा और काल्पनिक है. इसे भारत और उसके लोकतांत्रिक संस्थानों एवं और मूल्य के बारे में दुष्प्रचार करने के एकमात्र उद्देश्य से प्रकाशित किया गया है. केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा, यह, न्यूयॉर्क टाइम्स और इसी तरह के कुछ अन्य विदेशी मीडिया द्वारा भारत और लोकतांत्रिक रूप से चुने गए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में झूठ फैलाने का विस्तार है. ऐसा झूठ लंबे समय तक नहीं चल सकता. ठाकुर की ओर से यह कड़ा खंडन कश्मीर में सूचना प्रवाह पर कथित प्रतिबंधों पर अमेरिकी समाचारपत्र में एक लेख प्रकाशित होने के बाद आया है. ठाकुर ने कहा कि भारत और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ ईर्ष्या रखने वाले कुछ विदेशी मीडिया हमारे लोकतंत्र एवं बहुलतावादी समाज के बारे में व्यवस्थित तरीके से झूठ फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।





















## खास-खबर



### बाल-बाल बची जानः राजधानी में चलती कार में लगी आग, पति-पत्नी व एक बच्चा था सवार

**रायपुर।** राजधानी से लगे अभनपुर इलाके में चलती कार में अचानक आग लग गई। कार में पति-पत्नी और उनका लगभग दो साल का बच्चा सवार था। बताया जा रहा है कि अचानक कार के सामने तरफ से धुआं उठता देखने पर दंपति कार रोककर नीचे उतर गए और अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार में भीषण आग लग गई। पति पत्नी ने समझदारी दिखाई जिससे परिवार की जान बाल-बाल बच गई।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर में यह हादसा शुक्रवार दोपहर बाद की बताई जा रही है। पति-पत्नी व उनका दो साल का बच्चा जा रहे थे। अचानक कार से धुआं उठने लगा। इससे पहले की कुछ होता पति ने कार रोकी और पत्नी व बच्चे को उतार कर दूर चला गया। इधर देखतते ही देखते कार में आग लग गई। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाया और कार की आग बुझाई गई। जब आग बुझाते तब तक कार राख हो चुकी थी।



### ड्राइवर ने बस के अंदर की खुदकुशीः भाटागांव बस स्टैंड में गाड़ी से निकली लाश

**रायपुर (ए)।** रायपुर के भाटागांव बस स्टैंड में ड्राइवर ने खुदकुशी कर ली। बस के अंदर से इसकी लाश निकाली गई।

घटना रायपुर के भाटागांव बस स्टैंड की है। शुक्रवार सुबह यहां सभी बसें तैयार की जा रही थीं। एक बस में जब उसके कर्मचारी चढ़े तो चींख-पुकार मच गई। गाड़ी के अंदर बस के ड्राइवर की लाश, गमछे से बने फंदे पर लटकी हुई थी। बाकि के कर्मचारी भाग कर आए और फिर जानकारी पुलिस को दी गई। टिकरापारा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में पता चला कि जिस युवक की मौत हुई इसका नाम विकास पांडे था।

पुलिस को पता चला कि ये रीवा का रहने वाला था। कुछ दिनों से अपने परिजनों के साथ रायपुर में रह रहा था। नरेश ट्रैवल्स की बस चलाया करता था। पुलिस ने परिजनों को खबर दी। विकास के घर वालों ने बताया कि इसे किसी ने मारकर यहां लटका दिया है, परिजन हत्या के मामले की जांच चाहते हैं, अब पुलिस ने इस कांड के पीछे हत्या के सुराग तलाशने शुरू कर दिए हैं। पता चला है विकास शराब पीने का आदि था। इस बात पर उसका कुछ लोगों से विवाद भी हुआ था।

# दुर्ग में कॉल सेंटर के फेर में फंसा शख्स, 11 लाख की चपत लगी तो पहुंचा पुलिस के पास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग में एक शख्स कॉल सेंटर के फेर में फंस कर अपने 11 लाख रुपए लुटा दिए। दरअसल शख्स के मोबाइल में एक मैसेज आया जिसमें लिखा था i am jenny please call me 9647948440 (Truly Privecy Genvine) Regeards Eakash Motors। शख्स ने मैसेज पर रूचि दिखाई तो एक कॉल आया जिसमें सामने वाले ने मीटिंग से पहले रजिस्ट्रेशन का प्रोसेस बताया। इसके लिए शुरुआत में 2149 रुपए से रजिस्ट्रेशन करवाया गया। शख्स इनके जाल में फंस चुका था। मीटिंग के नाम पर अलग अलग बहाने से रुपए खाते में डलवाते रहे। अब इस मामले में शख्स थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई है। मामले में पद्मनाभपुर पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

पद्मनाभपुर पुलिस से मिली जानकारी के आनंद विहार फेस 2, फ्लैट नंबर ए/307 निवासी सोमीर कुमार चन्द्रा ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर 2022 को उनके पास एक एसएमएस आया। जिसमें में लिखा था i am jenny please call me 9647948440 (Truly Privecy Genvine) Regeards Eakash Motors। इसके बाद फोन आया और सामने वाले ने बताया कि 2149 रुपए देकर रजिस्ट्रेशन करना होगा।



इसके बाद सोमीर चंद्रा ने 24 सितंबर 2022 को 2149 रुपए देकर रजिस्ट्रेशन करवाया। इसके बाद आईडी बनाने के नाम पर 3999 रुपए मांगे उसके बाद मिटिंग करवान की बात कही गई। इसके बाद बार बार किसी न किसी बहाने से रुपए लेते चले गए लेकिन मीटिंग नहीं कराई। जब सोमीर चंद्रा को यह लगने लगा कि उसके साथ धोखाधड़ी हो रही है तो उसने अपने रुपए वापस मांगे। अब रुपए वापस करने के नाम पर सामने वालों ने रुपए लेना शुरू कर दिया।

इस दौरान कॉलर ने Union Bank का खाता नंबर दिया जो देबब्रत नंदी के नाम है और जिसका खाता नंबर 706502010012975 IFCS Code UBINO570656 था। रुपए रिफंड करने के नाम पर कॉलर्स ने सोमीर चंद्रा से रुपए लेते चले गए। हर बार यही कहा गया कि यह आपका आखिरी पेमेंट है और इसके बाद आपका पैसा वापस आपके खाते में आ जाएगा। हर बार Payment Done करने के बाद 2-3 घंटे बाद उनका फोन आता था और बोलते थे की हमलोग आपका Payment Refund का Process कर रहे थे पर Panel Refund नहीं होने दे रहा आपको और Payment करना होगा इस तरीके से मै अपना पैसा निकालने के लिए पैसे देता गया और अब तक 11 लाख रुपए दे चुका है।

### पैसा जमा नहीं किया तो रिफंड भूल जाओ

इतना होने के बाद भी सोमीर चंद्रा को रुपए नहीं मिले। फिर कहा गया कि हमारी It teem आ गई है और हम लोग लिस्टिंग कर लिए है। अपका नम्बर 367 है और यदि आपको पहले Refund लेना है तो 26999 देना होगा उसके बाद हम आपको Refund करेंगे। पैसा नहीं दिया तो Refund भुल जाओ। अब इस पूरे मामले में पीड़ित शख्स ने पुलिस ने गुहार लगाई है कि किसी भी तरह से उनका रुपए उन्हें मिल जाए। पद्मनाभपुर पुलिस ने इस मामले में आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### भिलाई से लापता छात्रा का शव बेमेतरा में मिला

# डेढ़ माह पहले घर से निकली थी, हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर से करीब डेढ़ माह पहले लापता हुई एमए की छात्रा का शव बेमेतरा के जुनवानी गांव में मिला है। जुनवानी गांव की एक महिला ने पुलिस के पास पहुंचकर बताया कि उसका बेटा अदालत धुर्वे शव को उसके पास छोड़कर भाग गया। शव की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। आसपास के थानों से संपर्क करने पर भिलाई की छात्रा कल्पना सिंह राजपूत के लापता होने की जानकारी मिली। इसके बाद परिजनों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराई गई। परिजनों ने शव की शिनाख्त कल्पना सिंह के रूप की। अब बेमेतरा पुलिस अदालत ध्रुव की तलाश कर रही है जो शव को अपनी मां के पास छोड़कर भाग गया था।

बता दें कल्पना सिंह राजपूत बीते 24 जनवरी को घर से कपड़ा सिलाने की बात कहकर निकली और उसके बाद नहीं लौटी। परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने वैशाली नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इधर पुलिस लापता कल्पना सिंह की लगातार तलाश करती रही। इस बीच कल्पना सिंह के परिजन त्रिलोक सिंह के निवास पर 9 मार्च को वैशाली नगर थाने से दो सिपाही आए।

सिपाही ने एक फोटो दिखाई तो त्रिलोक सिंह ने फोटो देखकर बताया कि यह कल्पना सिंह की है। सिपाहियों ने उन्हें मारो थाने भेजा। इससे पहले की वे मारो थाना पहुंचते बेमेतरा थाने से बुलावा आ गया। बेमेतरा थाने पहुंचने के बाद पुलिस इन्हें लेकर मरच्यूरी पहुंची। मरच्यूरी में शव की शिनाख्त कराई गई। त्रिलोक सिंह ने शव की शिनाख्त कल्पना सिंह के रूप की। इस तरह भिलाई से लापता छात्रा का शव डेढ़ माह बाद बेमेतरा मिला।



बेमेतरा पुलिस ने बताया कि शव को अदालत ध्रुव नाम का युवक अपनी मां के पास छोड़कर भाग गया है। अब पुलिस इस उलझन में है कि युवती की हत्या हुई या कोई हादसा। इस बीच पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम भी कराना चाहा लेकिन डॉक्टरों ने यह कहा कि इसका पीएम पहले ही हो चुका है। जांच के दौरान पता चला कि शव का मस्तुरी बिलासपुर में पीएम हुआ है। मस्तुरी पुलिस ने बताया कि पीएम के समय वहां पर अदालत ध्रुवे मौजूद था और उसने खुद को कल्पना का पति बताया इसलिए शव को उसे सौंप दिया गया। शव मिलने के बाद अदालत ध्रुव उसे अपनी मां के पास बेमेतरा में छोड़कर फरार हो गया। अब यह पूरा मामला अदालत ध्रुव के आसपास घूम रहा है। पुलिस फिलहाल अदालत ध्रुव की तलाश में जुटी हुई है।

# शराब के नशे में किन्नर का जिला अस्पताल में हंगामा, काम बंद कर थाने पहुंचा स्टाफ, पुलिस ने दर्ज किया केस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिला अस्पताल में बीती रात एक किन्नर ने शराब के नशे में जमकर हंगामा किया। नशा ज्यादा होने पर काजल नाम की किन्नर अपने दूसरे साथी किन्नर दुर्गा को रिहैबलाइज़ कराने अस्पताल लेकर पहुंची थी। इस दौरान काजल किन्नर ने तीन स्टाफ नर्स और एक वार्डबॉय के साथ बदसलुकी करते हुए मारपीट की। बताया जा रहा है कि काजल किन्नर का दूसरा साथी भी शराब के नशे में धुत्त था। किन्नर के हंगामे को देख नर्सों ने काम बंद कर दिया और थाने पहुंचकर काजल किन्नर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने नर्स मिनाक्षी बारिक की शिकायत पर काजल किन्नर व उसके साथी के खिलाफ 186-IPC, 294-IPC, 332-IPC, 353-IPC के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



स्टाफ नर्स मिनाक्षी ने अपनी शिकायत में बताया कि 10 मार्च को दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक अपातकालीन वार्ड मे ड्यूटी थी। उनके साथ परनीता सारथी, खेमलाल, वार्ड ब्याय छबिलाल और प्रमोद का भी ड्यूटी लगी थी। रात करीब 7.45 बजे काजल नाम की किन्नर अपने साथी दुर्गा नाम की किन्नर को लेकर पहुंची। इससे पहले की दुर्गा का इलाज शुरू करते कालज ने नर्स को गाली देना शुरू कर दिया और उससे मारपीट भी की। खासबात यह है काजल किन्नर जब पहुंची तो हाथ में शराब की बोतल भी थी।

नर्स ने बताया कि डॉक्टर के लिखने के बाद मरीज को इंजेक्शन लगाया गया। इसके बाद दूसरे मरीज को देखने के दौरान काजल किन्नर पहुंची और थप्पड़ मार दिया। नर्स ने बताया कि काजल किन्नर पहले भी इस प्रकार की हरकते कर चुकी है। वह कह रही थी कि पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। काजल किन्नर की इन हरकतों के कारण अस्पताल में सभी अपनी सुरक्षा को लेकर परेशान है। नर्स की शिकायत के बाद पुलिस ने काजल किन्नर के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# युवक की संदिग्ध हालत में मौत, तालाब के पास शव मिलने से सनसनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा जिले के बेंदरकोना गांव में एक युवक की लाश मिलने सनसनी फैल गई। गांव के तालाब की पगडंडी के पास उसका शव मिला है। युवक की मौत को लेकर लोग संदेह जता रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल में जुट गई। मृतक की पहचान राधाकृष्ण वर्ष(24) के रुप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

कोरबा के सिविल लाइन थाना अंतर्गत बेंदरकोना गांव में एक युवक की मौत का मामला सवालों के घेरे में आ गया है। गांव के तालाब की पगडंडी में युवक की लाश मिली है। सुबह सुबह जैसे ही लोगों की नजर युवक की लाश पर पड़ी पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक रात करीब 9 बजे दुकान जाने के नाम पर घर से निकला था जिसके बाद वह तो वापस नहीं लौटा। लेकिन उसकी मौत की खबर आई। राधाकृष्ण की मौत को लेकर परिजनों का कहना है उसकी मौत पर उन्हें संदेह है किसी की गिरने से ही मौत नहीं हो जाती। उसके साथ कोई न कोई घटना घटी है जिसके चलते उसकी मौत हुई है।

# घर के पास से जा रही महिला को बदमाश ने जबरन घर में खींचकर किया रेप, पुलिस ने आरोपी को सोमनी से किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** होली के दिन मोहन नगर थाना क्षेत्र में महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बच्चों को ढूंढने निकली महिला को बदमाश जबरन अपने घर में खींचकर ले गया और रेप करने के बाद गिरफ्तारी के डर से भाग गया। महिला ने थाने पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। आरोपी पुलिस से बचने के लिए सोमनी राजनांदगांव जाकर अपने रिश्तेदार के घर पर छिपा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को सोमनी से गिरफ्तार किया।



मोहन नगर पुलिस ने बताया कि होली के दिन शाम 5.30 बजे पीडिता अपने बच्चो को बस्ती मे ढूंढने निकली थी। इस दौरान अमरदास बंजारे उर्फ गुड्डु (35) निवासी दामाद पारा उरला ने महिला को अपने घर के पास अकेला पाकर जबरदस्ती खींचते हुए अपने घर ले गया और दुष्कर्म कर घर से फरार हो गया। इस मामले में शिकायत के बाद मोहन नगर पुलिस ने धारा 376 ( 2) (n) के तहत अपराध दर्ज किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तलाश की गई। आरोपी अपने घर पर नहीं था। इसके बाद आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी के रिश्तेदार सोमनी में रहते हैं। इसके बाद पुलिस की एक टीम सोमनी पहुंची और जहां अमरदास बंजारे छिपा हुआ था उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहन नगर निरीक्षक विपिन रंगारी, उप निरीक्षक उमा ठाकुर, प्रधान आरक्षक मनीष अग्निहोत्री, आरक्षक ओम प्रकाश देशमुख, आशीफ रजा एवं नवीन यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# बालोद में बड़ा हादसाः तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आए कार और बाइक, 5 की मौत और 3 घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। आयरन ओर से भरी ट्रक ने कार व बाइक को ऐसी टक्कर मारी कि पांच लोगो की मौत हो गई। हादसे में तीन लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है।



मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक CG-19 बीजी 1705 आयरन ओर भरकर जा रही थी। बालोद जिले के मरकाटोला गांव के पास सामने से आ रही कार और बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार व बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में लिखनराम देवांगन, जानवी देवांगन, भूपेंद्र वैष्णव, हेमचंद देशमुख व बाइक सवार नकुल साहू शामिल है। वहीं हादसे में तीन लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि जिन लोगों की मौत हुई वे सभी लोहारा ब्लॉक के ग्राम दुपचेरा के रहने वाले थे। सभी नाराणयणपुर जा रहे थे इसी दौरान हादसा हो गया।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# शिमला की खूबसूरती देखेंगे नक्सल क्षेत्र के युवा, बीएसएफ की पहल पर दसवां जत्था रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 14 वां आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कांकेर जिले के अति दुर्गम व नक्सल प्रभावित क्षेत्र से युवक एवं युवतियों का दसवां जत्था दुर्ग रेलवे स्टेशन से शिमला (हिमाचल प्रदेश) के लिए रवाना किया गया। इस जत्थे में 30 युवक-युवतियों सहित सीमा सुरक्षा बल का एक पुरुष सुरक्षा अधिकारी और 2 महिला सुरक्षा अधिकारी शामिल है।




यह जत्था शिमला (हिमाचल प्रदेश) में विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें विविधता में एकता की अवधारणा की सराहना करने में सक्षम बनाना है। आदिवासी युवाओं को दूसरे राज्यों की औद्योगिक उन्नति और सामाजिक विकास गतिविधियों से अवगत कराना तथा देश के दूसरे हिस्सो से आए अन्य आदिवासी युवाओं के साथ भावनात्मक जुड़ाव विकसित करने में मदद करना व उनके आत्म-समान में बढ़ोत्तरी करना है। नेहरू युवा केन्द्र संगठन नई दिल्ली व गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 14 वां आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 7 दिन है। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 14 भ्रमण कार्यक्रमों के अतंर्गत 18 से 22 वर्ष के आयु वर्ग के 290 चयनित युवा भाग ले रहे है। इस कार्यक्रम के दसवें जत्थे को शिमला (हिमाचल प्रदेश) रवाना करते हुए इन्दराज सिंह, महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय (विशेष संक्रिया) छत्तीसगढ़ एवं दिनेश मुर्मू उपमहानिरीक्षक (इंटेलीजेंस) ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## खास - खबर

### पेट, आंत या लीवर की परेशानी से जूझ रहे हैं तो पहुंचे बीएम शाह हॉस्पिटल, 13 मार्च से लगेगा निःशुल्क परामर्श शिविर




**भिलाई।** पेट, आंत, लीवर (गेस्ट्रो) आदि की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। बीएम शाह हॉस्पिटल एवं मेडिकल रिसर्च सेंटर शास्त्री नगर भिलाई में निःशुल्क परामर्श शिवर को आयोजन किया जा रहा है। 6 दिवसीय यह निःशुल्क परामर्श शिविर 13 मार्च से 18 मार्च तक रोज सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बीएम शाह हॉस्पिटल में आयोजित किया जाएगा। शिविर में एम. डी. ( मेडीसिन), डी.एन.बी. (गैस्ट्रोएंटोटोलॉजी) (पेट, आंत, लीवर एवं एंडोस्कोपिक विशेषज्ञ) डॉ. आशिष पी. दुधे अपनी सेवाएं देंगे। बता दें अंचल के प्रमुख अस्पताल बीएम शाह में समय-समय पर इस प्रकार निःशुल्क चिकित्सा शिविर व परामर्श शिवरों का आयोजना लोगों के लिए किया जाता है। इसी कड़ी में 6 दिवसीय परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में पेट में जलन, कब्ज, पाचनशक्ति का कम होना, आहारनली, पेट एवं आंतो की समस्या, लीवर एवं पैंक्रियास की समस्या, खून की उल्टी या शौच में खून आना, बार-बार शौच होना, हेपेटायटिस, पीलीया होना या खाने में रूकावट आदि से जुड़ी समस्याओं के लिए निःशुल्क परामर्श लिया जा सकता है। यही नहीं शिविर में पैथालॉजी जांच में 50 फीसदी की छूट भी दी जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि जिसे भी एंडोस्कोपी कराना हो वे खाली पेट आएं।

### मीना नारनवरे को प्रदेश उपाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

**भिलाई।** महिला सशक्तिकरण संघ छत्तीसगढ़ कि प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि महिला सशक्तिकरण संघ के संस्थापक भंते



डॉ चंद्रकीत्तीजी के आदेशानुसार एवं उनकी अनुशंसा से प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध ने भिलाई निवासी आयुष्मति मीना नारनवरे(सेवा निवृत्त आफीस सुपरिटेंडेंट पुलिस विभाग ) को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति की है। मीना नारनवरे जी कि नियुक्ति से महिलाओं को सशक्त व आत्म निर्भर बनाने में तथा महिला उत्पीड़न मामले में कानूनी सहायता से महिला सशक्तिकरण संघ को आगे बढ़ाने में मदद मिलती रहेगी। उपरोक्त सभी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की।

### रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में हाल ही में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक जी पी सिंह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा सुरक्षा ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विभागीय सुरक्षा अधिकारी सुनील शुक्ला द्वारा सुरक्षा शपथ दिलायी गई। मुख्य अतिथि का स्वागत मुख्य महाप्रबंधक (आरएसएम एवं आरटीएस) तीर्थंकर दस्तीदार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर की गई। तत्पष्चात मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीपप्रज्वलन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक (आरएसएम एवं आरटीएस) तीर्थंकर दस्तीदार ने स्वागत भाषण देते हुए विभाग में हो रही सुरक्षा गतिविधियों पर प्रकाष डाला। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निषमन सेवाएं) जी पी सिंह ने सुरक्षा विभागों द्वारा किए जा रहे सुरक्षा से संबंधित कार्य जैसे सेफ्टी सर्कल एवं अन्य कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। विभागीय वार्षिक सुरक्षा प्रतिवेदन, विभागीय सुरक्षा अधिकारी सुनील शुक्ला ने प्रस्तुत किया।

### रिसाली निगम क्षेत्र के 8 वार्ड में 117 लाख का भूमिपूजन

# घोषणा पर नहीं काम पर विश्वास-ताम्रध्वज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** घोषणाओं पर नहीं विकास कार्यो पर विश्वास रखता हूँ। यही वजह है कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र और रिसाली नगर पालिक निगम क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। उक्त बातें दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं प्रदेश के लोक निर्माण व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कही। उन्होंने शुक्रवार को डुंडेरा व रूआबांधा क्षेत्र में 117.36 लाख से होने वाले विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। गृहमंत्री ने कहा कि डुंडेरा वे आरंभ से आते रहे है। ग्रामीणों से लगातार सीधे संवाद होती है। उन्होंने लोगों से चर्चा के दौरान ही प्राथमिकता तय करते है और विकास कार्यो को पूर्ण करते है।

उन्होंने कहा कि कभी भी वे कार्यो को लेकर घोषणाएं नहीं की है। भूमिपूजन कार्यक्रम को रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर ने भी संबोधित किया।

इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सद्स्य जितेन्द्र साहू, महापौर परिषद के सद्स्य सनीर साहू, परमेश्वर कुमार, पार्षद डॉ. सीमा साहू, शीला नारखेड़े, रोहित कुमार, टीकम सिंह साहू, सारिका साहू, ममता यादव, खिलेन्द्र चन्द्राकर, अनिल देशमुख, हरिशचन्द्र, एल्डरमेन तरूण बंजारे, अजीत यादव, जी राहुल आदि उपस्थित थे।



#### जोरातराई में सामुदायीक भवन बनाने चर्चा

जोरातराई में भूमिपूजन के बाद गृहमंत्री ने सामुदायीक भवन बनाने निगम के अधिकारियों से चर्चा की। आयुक्त आशीष देवांगन को निर्देश दिए कि शीघ्र ही इस कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार करे और एक कापी उन्हे भी दे। वे शासन स्तर पर भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराने पहल करेंगे।

#### इन कार्यो के लिए हुआ भूमिपूजन

वार्ड 37 जोरातराई में 11 लाख से अरूण घर से प्रदीप घर तक नाली 6.87 लाख से अशोक सिंह घर से शासकीय स्कूल तक डामरीकरण, वार्ड 35 डुंडेरा पश्चिम में 11.84 लाख से रामनगर कमल साहू घर से चुन्नूलाल देवांगन घर तक स्ट्राम वाटर ड्रेन, इसी वार्ड में 32.74 लाख से सियाराम चक्रधारी घर से चुरामन साहू घर तक डामरीकरण, वार्ड 36 डुंडेरा पूर्व में 12.02 लाख से डिकेन्द्र यादव घर से गार्डन तक डामरीकरण कृत मार्ग का नवनीकरण, वार्ड 4 रूआबांधा पूर्व में बाबूलाल साहू घर से होते हुए उपस्वास्थ्य केन्द्र तक 12.50 लाख से नाली निर्माण, वार्ड 3 रूआबांधा दक्षिण में 10 लाख की लागत से जैन मंदिर के पीछे नाली एवं रूआबांधा दशहरा मैदान में 10 लाख की लागत से महापौर निधि से शेड निर्माण किया जाएगा।

दुर्ग ग्रामीण विधायक व प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शनिवार को दोपहर 12:30 से 1:30 तक डीपीएस रिसाली सेक्टर, रूआबांधा, मैत्रीकुंज व तालपुरी और दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक मैत्रीनगर, आजाद मार्केट, अवधपुरी रिसाली बस्ती, लक्ष्मी नगर, शक्ति विहार, इस्पात नगर, मौहारी, सूर्यानगर स्टेशन मरोदा क्षेत्र व नेवई भाठा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में शमिल होंगे।

## बार एवं रॉड मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बार एवं रॉड मिल में दिनांक 04 मार्च 2023 को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारभ में रोलिंग मिल गेट (खुर्सीपार गेट) में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। यह जागरूकता अभियान में मुख्य महाप्रबंधक (बीआरएम) मुकेश गुप्ता के नेतृत्व में चलाया गया इसमें विभागीय कार्मिक एवं ठेका श्रमिकों बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उपस्थित समूह ने सड़क सुरक्षा नारों की तख्ती के द्वारा कार्मिकों को जागरूक किया। तत्पश्चात यह समूह सुरक्षा रैली के रूप में परिणित होकर सिक्योर भवन तक मार्च की। इस रैली में विभागीय महिला कर्मियों ने भी बढ़ चढ कर हिस्सा लिया।

सिक्योर भवन सभागार में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का विधिवत उदघाटन, मुख्य महाप्रबंधक (बीआरएम) मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए पवन साहू के द्वारा सभी उपस्थित समूह को सुरक्षा शपथ दिलाई गयी। श्री मुकेश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में सुरक्षा एवं सुरक्षित वातावरण के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला एवं सुरक्षा शपथ में सम्मिलित बिंदुओं को अक्षरशः अपने जीवन में आत्मसात करने हेतु सभी उपस्थित कर्मियों को संकल्पित किया। श्री गुप्ता ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सुरक्षा से समझौता करके एक टन का भी उत्पादन मंजूर नहीं है। उन्होंने बीआरएम् द्वारा 500 दिन से ज्यादा दुर्घटना रहित दिवस के लिए सभी को बधाई दी। विभागीय सुरक्षा अधिकारी शकील अहमद खान ने बीआरएम में विगत वर्ष के सुरक्षा संबंधी उपलब्धियों को रेखांकित किया। मुख्य महाप्रबंधक गुप्ता ने एक नयी परंपरा कि शुरुवात करते हुए विभाग में कंधे से कंधा मिला कर कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों को भी राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर सम्मान करने का निर्णय लिया और सुरक्षित कार्यप्रणाली से कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों को सम्मान स्वरुप स्मृति चिह्न भेंट की। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण एस के बेहरा, के के ठाकुर, सच्चिदानंद त्रिपाठी, आशीष, शाश्वत महंती तथा वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या मे कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के लिए शिव पारा चौक के शिविर में पहुंचकर लोगो ने नियमितिकरण हेतु जानकारी ली...

## आमजनों तक नागरिक सेवाओं को पहुंचाने किया जा रहा है सफल प्रयासः आयुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के लिए शिव पारा चौक के शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से अनाधिकृत विकास और अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए शिविर में शिव पारा क्षेत्र के लोगो ने आवेदन फॉर्म लेकर अवैध नियमितीकरण शिविर का लाभ उठाया।शिविर के दौरान भवन अधिकारी प्रकाशचंद थवानी,सहायक भवन अधिकारी गिरीश दिवान, श्रीमती रुक्मणी ठाकुर आदि मौजूद रहें।

क्षेत्र से अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण को लेकर आवेदन का संग्रहण किया जा रहा है।इसके लिए शिव पारा क्षेत्र में शिविर में लगभग 250 से अधिक लोगो को अनाधिकृत व अवैध निर्माण नियमितीकरण अपील आवेदन प्राप्त किये ।इसके साथ ही अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए पूछताछ करने लोग पहुँचे।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अनधिकृत निर्माण को लेकर शिविर का ज्यादा से ज्यादा लोगो द्वारा लाभ उठाने की अपील की है।अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास नियमितीकरण शिविर में तेजी दिखाई दिया है।

घरों प्लाटो पर अनाधिकृत तरीके से बनाए गए भाग के नियमितीकरण की सुविधा लोगो को अब आसानी से मिलने लगी। निगम द्वारा शिविर का आयोजन गुजराती धर्मशाला के सामने, तकियापारा, दिनाँक 14 मार्च दिन मंगलवार को समय सुबह 10:00 बजे से लेकर 3 बजे तक निर्धारित समय पर अपील आवेदन प्राप्त किये जा सकते है।

## निगम क्षेत्र में 78 मवेशियों को पकड़ा गया, आवारा मवेशियों को पकड़ने भिलाई निगम का निरंतर अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए महाअभियान चलाया जा रहा है। निगम क्षेत्र में अवाारा घूमने वाले मवेशियों से किसी को परेशानी न हो इसे देखते हुए भिलाई निगम की टीम सभी जोन क्षेत्रों में तिथि वार आवारा पशुओं को पकड़ने अभियान चला रही है। अभियान के तहत सप्ताहभर में 78 आवारा पशुओं को पकड़ कर गौठान भेजा गया है।



आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए आयुक्त रोहित व्यास ने निर्देश दिए हैं। रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ घूम-घूम कर आवारा मवेशी को पकड़ रहे हैं। काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे गौठान में छोड़ा जा रहा है। भिलाई निगम की टीम मुख्य रूप से शहर के सभी मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों के किनारे घूमने वाले मवेशियों को टारगेट करते हुए पावर हाउस मार्केट, सर्विस रोड तथा जीई रोड के किनारे चलने वाले आवारा मवेशियों के कारण वाहन चालकों एवं मार्केट में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को समस्या से निजात दिलाने निगम की टीम पशुओ को पकड़ने की कार्रवाई कर रहे हैं। बीते सप्ताह भर से चल रहे विशेष अभियान में निगम क्षेत्र के सभी वार्डों से आवारा मवेशी पकड़ने रूट चार्ट बनाकर कार्य कर रहे है। मार्केट क्षेत्रों में भी आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए है।

इसी के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। मवेशियों को पकड़ने के दौरान उन्हें चोट न लगे इसलिए निगम की टीम दो काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंच रहे है, नगर निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने पशु पालकों से अपील की है कि खुले में आवारा मवेशियों को न छोड़े और अभियान में सहयोग प्रदान करें।

# 31 मार्च तक पूरा हो जाएगा सुपेला फ्लाईओवर का काम एनएच व एजेंसी के अफसरों ने कलेक्टर को बताई डेड लाइन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के लोगों के लिए खुशखबरी है। एनएच पर बन रहे फ्लाईओवर को लेकर बड़ा अपडेट आया है। एनएच ने बताया है कि सुपेला, पावर हाउस व डबरापारा चौक के फ्लाईओवर कब तक पूरे हो जाएंगे। शुक्रवार को फ्लाईओवर का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर को निर्माण एजेंसी व एनएच के अफसरों ने बताया कि सुपेला ओव्हरब्रीज का कार्य 31 मार्च तक, पावर हाउस ओव्हर ब्रिज का कार्य 31 मई तक और ट्रांसपोर्ट नगर व ओव्हर ब्रिज का कार्य 15 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा।

एनएच के अधिकारियों ने बताया कि कुछ टेक्निकल एरर्स सड़क निर्माण के दौरान आये थे जिन्हें ठीक कर लिया गया है। लोड टेस्ट और स्ट्रेस टेस्ट किये जाने हैं जिनके बाद फ्लाईओवर्स ओपर कर दिये जाएंगे। कलेक्टर ने कहा कि लोड टेस्ट और स्ट्रेस टेस्ट के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि ट्रैफिक्र संबंधी असुविधा नागरिकों को न हो। यह कार्य तय समयसीमा में ही पूरा कर लें ताकि ट्रैफिक्र में किसी तरह की बाधा न आये।



#### एसडीएम करेंगे डेली मॉनिटरिंग

फ्लाईओवर निर्माण में गति लाने कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने एसडीएम को हर दिन फ्लाईओवर निर्माण की प्रगति की मानिटरिंग के लिए कहा। शुक्रवार को उन्होंने एनएच के चारों फ्लाईओवर का निर्माण किया। उन्होंने चारों फ्लाईओवर के आरंभ करने की तिथि के बारे में पूछा और इसके लिए हर दिन के प्लान को साझा करने के लिए कहा। अब एसडीएम देखेंगे कि हर दिन प्लान के मुताबिक काम हो रहा है या नहीं, एसडीएम इसके लिए मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे। कलेक्टर मीणा ने कहा कि एसडीएम यह देखेंगे कि एजेंसी को काम तेजी से पूरा करने के लिए कितने लेबर लगाने थे और कितने लेबर मौके पर काम कर रहे हैं। वे हर दिन शेड्यूल के मुताबिक निर्धारित काम की मानिटरिंग भी करेंगे। कलेक्टर भी हफ्ते में एक बार एनएच में बन रहे फ्लाईओवर्स की मानिटरिंग करेंगे।

#### जगमगाती रोशनी और सुंदर गार्डनिंग से सजेगा फ्लाईओवर

कलेक्टर ने फ्लाईओवर के निर्माण में जनसुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देश दिये। इसके लिए पार्किंग की बढ़िया व्यवस्था के लिए कहा। उन्होंने सभी फ्लाईओवर में पार्किंग स्पेस भी देखा। साथ ही उन्होंने हर स्पान में अलग तरह के पौधे लगाने कहा। उन्होंने कहा कि हर स्पान में अलग तरह के पौधे रखने से ग्रीनरी की वजह से फ्लाईओवर बहुत सुंदर दिखेगा। साथ ही इसमें लाइटिंग भी शानदार होगी। उन्होंने इस पर विशेष रूप से ध्यान देने कहा।

#### सभी जगह लगाए जाएं संकेत सूचक

कलेक्टर ने चारों फ्लाईओवर में सुरक्षा संबंधी बारीकियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर्स में जिन जगहों पर बिजली की व्यवस्था नहीं है वहां बिजली व्यवस्था कर दें।

## गुणों, शक्तियों, स्नेह ,सहयोग, शांति, खुशी के अविनाशी रंग सभी को सदा लगाते रहो



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** होली के अर्थ स्वरूप में स्थित हो कर देह भान, अभिमान , अहंकार को समाप्त कर सच्ची होली मनानी है। जो कुछ पास्ट हुआ अर्थात बीती सो बीती। पुराने संस्कारों की होली जलाकर श्रेष्ठ गुणों के रंगों से अलौकिक होली मनाओ। उक्त उदगार सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडीटोरियम में प्रातः राजयोग सत्र के पश्चात भिलाई सेवाकेंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कही।

आपने बताया की गुणों,शक्तियों, स्नेह ,सहयोग, शांति, खुशी के अविनाशी रंग सभी को सदा लगाते रहो। व्यर्थ कमजोरी के संकल्पों, दुख देने वाले संस्कारों का होलिका दहन करो । परमात्मा पिता के संग के रंग में सदा रहे तो सब वैर विरोध विस्मृत हो आत्मिक स्वरूप का भान रहता है यह होली सर्वश्रेष्ठ होली है। आत्मिक स्मृति का तिलक लगाकर गुलाबाशि एवं खुशियों की पिचकारी से संस्कार मिलन की रास द्वारा उमंग उत्साह से होली पर्व मनाया गया। संध्या होली स्नेह मिलन में डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा जैसा होगा अन्न वैसा होगा मन, जैसा पानी वैसी वाणी, जीवन में सात्विक भोजन का महत्व एवं फ्लाइ, क्लेप, वाक, डांस, जंप, उल्टा पुल्टा दिमागी कसरत, नेता जी की जय हो, शांति की तलाश, गप्पू बाबा जाने मन की बात, मनमत, परमत एवं श्रीमत शिक्षाप्रद हास्य नाटक प्रस्तुत किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950